Discover your divinity with us
A/C Showroom
ज्ञान गंगा ॐ मूर्ति माला केन्द्र
उजाला भवन स्टेशन रोड, दुर्ग
0788-4030383, 3293199
भगवान के वस्त्र, श्रृंगार मूर्तियां एवं समस्त पूजन सामग्री संगमरमर व पीतल की मूर्तियां राशि रत्न एवं उपरत्न उपलब्ध

राष्ट्र एवं राज्य के प्रगति पथ पर...

रायपुर एवं दुर्ग से प्रकाशित

# समय दर्शन

ESTD : Since 2011

संस्थापक : स्व. श्रीमती निलिमा खड़तकर

निष्पक्ष निर्भीक खबरों के साथ

श्री
दुर्ग शहर में सुप्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य
माँ दुर्गा उपासक मां बगुलामुखी, माँ कामख्या, माँ भद्रकाली, माँ शतचंडी की असीम कृपा साधना द्वारा समस्त समस्याओं का मार्ग दर्शन हेतु
पं. एम.पी. शर्मा/
मो. 8109922001
फीस 251/- मात्र
पताः- श्री दुर्गा ज्योतिष कार्यालय सिकोला भाठा, सब्जी मार्केट के सामने, धमधा नाका, दुर्ग

वर्ष 14, अंक 74 | पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रूपये | दुर्ग, सोमवार 30 दिसम्बर 2024 | www.samaydarshan.in

## पहला कॉलम

### शिमला में भारी बारिश और बर्फबारी, कड़ाके की ठंड से जनजीवन अस्त-व्यस्त

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला और राज्य के ऊपरी क्षेत्र पिछले 24 घंटों से लगातार भारी बारिश और बर्फबारी हो रही है. जिसके चलते भूस्खलन होने लगा है और जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है. वहीं लगातार हो रही बारिश के चलते शिमला और आसपास के इलाकों में बर्फ पिघल गई है, जिससे तापमान में और गिरावट आ गई है. इसके बाद यहां हाड़ कंपा देने वाली ठंड शुरू हो गई है. बर्फबारी के चलते पर्यटकों की भले ही मौज हो गई हो लेकिन स्थानीय निवासियों के लिए ये किसी मुसीबत से कम नहीं है. क्योंकि यहां के ज्यादातर लोग दैनिक मेहनत मजदूरी से ही अपने परिवार का भरण पोषण करते हैं. शिमला में इनदिनों बर्फबारी हो रही है, लेकिन इस बीच बारिश भी होने लगी. जिससे पर्यटकों की संख्या में बढ़ोतरी तो हुई लेकिन दैनिक मजदूरी करने वाले लोगों की परेशानियां बढ़ गईं. गिरते पारे और लगातार बारिश ने स्थानीय लोगों और श्रमिकों के लिए मुश्किलें पैदा कर दीं. सबसे अधिक प्रभावित होने वालों में दिहाड़ी मजदूर शामिल हैं।

### पत्नी-बेटे का किया मर्डर, फिर मां-बाप को चाकू से गोदा

**सूरत।** गुजरात के सूरत में एक दिल दहलाने वाली घटना में एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी और बच्चे की हत्या कर दी और अपने माता-पिता पर जानलेवा हमला किया। यह घटना शहर के सरथाना इलाके में हुई। पुलिस के अनुसार, आरोपी स्मिथ गियानी ने पारिवारिक विवाद के चलते यह खौफनाक कदम उठाया। उसने अपने परिवार के सदस्यों पर चाकू से हमला किया। हमले में उसकी पत्नी और बच्चे की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसके माता-पिता गंभीर रूप से घायल हो गए। आरोपी ने हमले के बाद खुद को भी चोट पहुंचाई, लेकिन उसे बचा लिया गया। पड़ोसियों के मुताबिक, स्मिथ और उसके परिवार के बीच अक्सर झगड़े होते रहते थे। पारिवारिक दबाव की वजह से आरोपी मानसिक रूप से काफी परेशान था।

### जन्मदिन पार्टी के दौरान एक की मौत, पुलिस पर गोली चलाने का आरोप

**सासाराम।** बिहार के रोहतास के नगर थाना क्षेत्र में पुलिस और युवकों के बीच हुई झड़प में गोली लगने से एक युवक की मौत हो गई। वहीं, दो अन्य युवक घायल हो गए। इस मामले में पुलिस पर गोली चलाने का आरोप लग रहा है। जानकारी के मुताबिक, शुक्रवार की देर रात कुछ युवक नगर थाना क्षेत्र के एक निजी कैंपस में एक मित्र की जन्मदिन की पार्टी मना रहे थे। सभी युवक पार्टी के मूड में थे। इसी दौरान यातायात डीएसपी आदिल बिलाल अन्य पुलिस कर्मियों के साथ वहां पहुंच गए। और युवकों से उन्होंने पूछताछ शुरू कर दी। यातायात पुलिस के होने के कारण युवकों ने भी उनके आने को लेकर सवाल उठा रहे थे। इसी बीच दोनों ओर से कहासुनी शुरू हो गई। पुलिस पर आवेश में आकर गोली चलाने के आरोप लग रहे हैं।

# दक्षिण कोरिया के प्लेन क्रैश हादसे में 179 लोगों की मौत

सियोल/ एजेंसी



दक्षिण कोरिया में रविवार की सुबह एक बड़ा विमान हादसा देखने को मिला है। समाचार एजेंसी योनहाप ने फायर ब्रिगेड के हवाले से बताया कि मुआन इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर हुए इस हादसे में 179 लोगों की मौत हो गई। अभी सभी शवों को नहीं निकाला जा सका है। विमान में 181 लोग सवार थे। इनमें से सिर्फ 2 ही बच पाए हैं। 'लैंडिंग गियर' में खराबी के कारण प्लेन रनवे से उतरकर कंक्रीट के अवरोधक से जा टकराया जिससे उसमें आग लग गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। यह देश में हुए सबसे भीषण विमान हादसों में से एक है। राष्ट्रीय अग्निशमन एजेंसी ने बताया कि बचाव अधिकारी सियोल से लगभग 290 किलोमीटर दक्षिण में मुआन शहर के हवाई अड्डे पर दुर्घटनाग्रस्त हुए 'जेजू एयर' विमान के यात्रियों के लिए बचाव कार्य कर रहे हैं। उसने बताया कि 181 लोगों को लेकर यह विमान बैंकॉक से लौट रहा था। उसने बताया कि आग पर काबू पाने के लिए 32 दमकल गाड़ियां और कई हेलीकॉप्टर तैनात किए गए हैं। 'वाईटीएन' टेलीविजन की ओर से प्रसारित दुर्घटना के फुटेज में दिख रहा है कि 'जेजू एयर' का विमान हवाई पट्टी पर फिसला और इस दौरान उसका 'लैंडिंग गियर' स्पष्ट रूप से बंद था। इसके बाद विमान कंक्रीट के एक अवरोधक से टकरा गया। परिवहन मंत्रालय ने बताया कि यह घटना स्थानीय समयानुसार सुबह नौ बजकर तीन मिनट पर हुई। स्थानीय टीवी चैनलों ने फुटेज प्रसारित की जिसमें विमान से आग की लपटें निकलती दिखाई दे रही हैं और काले धुएं का घना गुबार नजर आ रहा है। मुआन में आपातकालीन अधिकारियों ने बताया कि वे आग लगने के कारणों की जांच कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि ऐसा प्रतीत होता है कि विमान के 'लैंडिंग गियर' में खराबी आ गई। परिवहन मंत्रालय ने बताया कि विमान बैंकॉक से लौट रहा था और उसमें सवार यात्रियों में दो थाई नागरिक भी शामिल थे। थाईलैंड की प्रधानमंत्री पैतोंगतार्न शिनावात्रा ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट के माध्यम से दुर्घटना के कारण प्रभावित हुए लोगों के परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की। पैतोंगतार्न ने कहा कि उन्होंने विदेश मंत्रालय को तत्काल सहायता उपलब्ध कराने का आदेश दिया है। यह दक्षिण कोरिया के विमानन इतिहास की सबसे घातक दुर्घटनाओं में से एक है। इससे पहले, दक्षिण कोरिया में 1997 में 'कोरियन एयरलाइन' का विमान गुआम में दुर्घटनाग्रस्त हो गया था।, जिसमें 228 लोग मारे गए थे। यह घटना ऐसे समय में हुई है जब दक्षिण कोरिया अपने राष्ट्रपति यून सुक येओल द्वारा 'मार्शल लॉ' लागू किए जाने । और उसके बाद उनके खिलाफ महाभियोग चलाए जाने के कारण उत्पन्न एक बड़े राजनीतिक संकट से जूझ रहा है।

### दो लोगों को विमान से जीवित निकाला

योनहाप समाचार एजेंसी के अनुसार जेजू एयरलाइंस का विमान 2216 थाईलैंड से लौट रहा था। स्थानीय अधिकारियों के अनुसार अब तक दो लोगों को बचाया जा चुका है। यात्रियों को विमान के पिछले हिस्से से बाहर निकाला जा रहा है। विमान में कुल 181 लोग थे। इनमें से 175 यात्री और छह फ्लाइट के क्रू मेंबर थे।


### दुर्घटना होते ही उठने लगा काले धुएं का गुबार

दुर्घटनास्थल से काले धुएं का गुबार उठता दिखाई दे रहा है। यह भी माना जा रहा है कि संभवतः दुर्घटना पक्षियों के टकराने की वजह से हुई, जिस कारण से लैंडिंग के वक्त गियर में तकनीकी खराबी आ गई। राष्ट्रीय अग्निशमन एजेंसी ने कहा कि हादसे के बाद लगी आग लगभग बुझा दी गई है। खबर लिखे जाने तक राहत और बचाव कार्य अभी भी जारी है। जिन दो लोगों को विमान से जीवित निकाल लिया गया, उनमें एक यात्री और एक चालक दल का मेंबर है।

अजरबैजान एयरलाइंस का एम्ब्रेयर 190 विमान बाकू से रूस के चेचेन्या प्रांत की राजधानी ग्रोज्नी जा रहा था। मगर ग्रोज्नी में कोहरे की वजह से विमान उतर नहीं सका। इसके बाद वह कैस्पियन सागर की तरफ बढ़ा। मगर वह अपना मूल रास्ता भटक चुका था। कुछ ही देर में अकताऊ शहर में सागर के तट पर विमान दुर्घटना का शिकार हो गया। विमान मे सवार 29 यात्रियों को बचा लिया गया।

## भाजपा पर बरसे अरविंद केजरीवाल

# हरियाणा और महाराष्ट्र वाले हथकंडे दिल्ली में नहीं चलने देंगे.....



**नई दिल्ली।** आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने एक बार फिर भाजपा पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि भाजपा किसी भी तरह से चुनाव जीतना चाहती है, चाहे बेईमानी से ही क्यों न हो। लेकिन, दिल्ली की जनता ऐसा नहीं होने देगी। हरियाणा और महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों में उन्होंने जो हथकंडे अपनाए थे। हम उन्हें उस हथकंडे का इस्तेमाल करके यहां जीतने नहीं देंगे।

### वोट कटवाने की साजिश रच रही भाजपा

अरविंद केजरीवाल ने कहा कि भाजपा दिल्ली चुनाव में अपनी हार मानकर, बेईमानी पर उतर आई है। दिल्ली में भाजपा के पास ना ही उम्मीदवार हैं और ना ही मुख्यमंत्री का चेहरा है। अब भाजपा बेईमानी करके चुनाव जीतने की कोशिश कर रही है, वो वोट कटवाने की साजिश रच रही है। दिल्ली के पूर्वी सीएम ने कहा कि नई दिल्ली विधानसभा में भाजपा की वोट कटवाने की गंदी साजिश हुई पकड़ी गई है। 15 दिनों में भाजपा ने हजारों वोट कटवाने की एप्लीकेशन दी है। मतदाताओं के वोट कटवाकर भाजपा लोगों से उनके देश के नागरिक होने का अधिकार छीन रही है।

### जिला निर्वाचन अधिकारी को केजरीवाल का पत्र

अरविंद केजरीवाल ने नई दिल्ली के जिला निर्वाचन अधिकारी को पत्र लिखा। पत्र में लिखा है, 'मैं आपको तत्काल यह बताने के लिए लिख रहा हूँ कि पिछले कुछ दिनों में नई दिल्ली विधानसभा क्षेत्र में मतदाता सूची में नाम जोड़ने और हटाने के लिए आवेदनों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।'

## शर्मिष्ठा मुखर्जी का बयान

# कांग्रेस में दरार आ चुकी है खुद को अलग-थलग महसूस कर रहे नेता......

नई दिल्ली/ एजेंसी



पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी की बेटी शर्मिष्ठा मुखर्जी ने रविवार को आरोप लगाया कि कांग्रेस में गिरावट आ गई है और पार्टी को दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति पर आत्ममंथन करने की जरूरत है। शर्मिष्ठा ने पार्टी की मौजूदा स्थिति पर अफसोस जताते हुए कहा कि आज कई पुराने कांग्रेस कार्यकर्ता खुद को पार्टी से अलग-थलग महसूस कर रहे हैं, क्योंकि शीर्ष नेताओं में विचारधारा की कमी है। शर्मिष्ठा ने यह भी सवाल उठाया कि उनके पिता के निधन के बाद कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) की बैठक क्यों नहीं बुलाई गई और कोई प्रस्ताव क्यों नहीं पारित किया गया। उन्होंने कहा कि उन्हें बुरा लगा जब उनके पिता की मृत्यु के बाद सीडब्ल्यूसी की बैठक नहीं बुलाई गई। सीडब्ल्यूसी कांग्रेस के सबसे बड़े फैसले लेने वाली संस्था है। उन्होंने कहा, कांग्रेस को इसका जवाब देना होगा। मैं सिर्फ एक तथ्य पेश कर सकती हूं। लेकिन मैं यह भी कहना चाहूंगी कि मुझे नहीं पता कि यह जानबूझकर किया गया था या बस लापरवाही थी। इतनी पुरानी पार्टी में क्या परंपराएं हैं? पीटीआई से बातचीत में शर्मिष्ठा मुखर्जी ने कहा, अगर (कांग्रेस नेता) राहुल गांधी और उनके करीबी लोगों को यह नहीं पता कि कांग्रेस ने पहले इस स्थिति में कैसे काम किया, तो यह खुद कांग्रेस के भीतर एक गंभीर और दुखद स्थिति है। जब कांग्रेस में गैर-वंशवादी नेताओं के योगदान के बारे में पूछा गया, तो शर्मिष्ठा ने कहा, हमें यह नहीं भूलना चाहिए।

### पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह भारत रत्न के हकदार-शर्मिष्ठा

पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के लिए स्मारक बनाने को लेकर चल रहे विवाद पर मुखर्जी ने कहा कि वह इस विवाद में नहीं पड़ेंगी, क्योंकि वह अब कांग्रेस का हिस्सा नहीं है और उन्होंने राजनीतिक छोड़ दी है। हालांकि, उन्होंने मनमोहन सिंह के लिए एक स्मारक बनाने की पैरवी की और कहा कि देश का सर्वोच्च न्यागरिक पुरस्कार भारत रत्न भी पूर्व प्रधानमंत्री को मरणोपरांत दिया जाना चाहिए। शर्मिष्ठा मुखर्जी ने कहा, 'मैं इस बारे में कुछ नहीं कहूंगी, मैं अब कांग्रेस से जुड़ी हुई नहीं हुई। मैंने राजनीति छोड़ दी है।

### आर के पुरम में नाले का बड़ा हिस्सा धसा,25 फीट गड्ढे में समाई कार

**नई दिल्ली।** दिल्ली के आर के पुरम सेक्टर 9 में रात संगम सिनेमा के पास स्थित नाले का लेंटर धसने से सड़क का एक बड़ा हिस्सा ध्वस्त हो गया. इस घटना में लगभग 25 फीट लंबा और 10 फीट चौड़ा गड्ढा बन गया, जिसमें एक कार और एक बाइक समा गई. हालांकि, गनीमत यह रही कि इस हादसे में कोई भी घायल नहीं हुआ. इस घटना के पीछे शुक्रवार रात को हुई तेज बारिश को जिम्मेदार ठहराया जा रहा है. भारी वर्षा के चलते नाले के लेंटर पर बढ़ते दबाव ने उसे तोड़ने के लिए मजबूर कर दिया. स्थानीय लोगों ने बताया कि नाले की हालत पिछले कई महीनों से खराब थी।

## भीड़ के साथ प्रशांत किशोर सीएम आवास की ओर निकले थे

# प्रशांत किशोर ने गरमाया पटना का माहौल बीपीएससी परीक्षार्थियों पर की लाठी चार्ज

पटना/ एजेंसी



जिला प्रशासन की ओर से कारण बताते हुए प्रदर्शन के लिए प्रतिबंधित किए जाने के बावजूद रविवार को प्रशांत किशोर के नेतृत्व में बीपीएससी परीक्षार्थियों का हुजूम पटना के गांधी मैदान में प्रदर्शन करने पहुंचा। जब यहां भी प्रशासन की नहीं चली तो यह हुजूम शाम होते-होते जेपी गोलंबर होते हुए मुख्यमंत्री आवास की ओर आगे बढ़ने लगा। पुलिस ने अभ्यर्थियों को रोका लेकिन भीड़ ने बैरिकेटिंग को तोड़कर आगे बढ़ने लगे। मजबूरन पटना पुलिस ने प्रदर्शनकारियों पर लाठीचार्ज कर दिया। बिहार लोकसेवा आयोग की 70वीं प्रारंभिक परीक्षा को रद्द कराने की मांग को लेकर यह प्रदर्शन हो रहा है। प्रशांत किशोर की अगुवाई में अभ्यर्थी पटना के गांधी मैदान में जुटने वाले थे, तो जिला प्रशासन ने शनिवार को एक पत्र जारी करते हुए इसे प्रतिबंधित कर दिया था। इसके बावजूद प्रशांत किशोर के नेतृत्व में हजारों की संख्या में अभ्यर्थी गांधी मूर्ति के पास पहुंचकर धरना प्रदर्शन करने लगे। इसके बाद शाम के लगभग 5 बजे प्रशांत किशोर उन अभ्यर्थियों को लेकर मुख्यमंत्री आवास तक मार्च के लिए गांधी मैदान से आगे निकल गए। प्रशासन ने उन्हें रोकने के लिए भरी संख्या में पुलिस बल को उतार दिया। भीड़ को जेपी गोलंबर के पास रोकने का प्रयास किया गया, लेकिन भीड़ ने बैरिकेटिंग को तोड़ दिया और आगे बढ़ गई। आगे डाकबंगला चौराहे पर पुलिस की तैनाती है। बीपीएससी के खिलाफप्रदर्शन कर रहे अभ्यर्थी अब सीधे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मिलने की मांग कर रहे है।



बारामूला में मौसम की पहली बर्फबारी के बाद बर्फ से ढके पहाड़ों की पृष्ठभूमि में बर्फ से ढके घर दिखाई दे रहे हैं.

## भजनलाल सरकार का बड़ा फैसला

# गहलोत राज में बने इन 9 जिलों को किया खत्म......



**नई दिल्ली।** राजस्थान सरकार ने आज कैबिनेट बैठक में कुल नौ जिलों को भंग कर दिया है। अशोक गहलोत सरकार में 17 नए जिलों और तीन नए संभागों की घोषणा की गई थी, लेकिन आचार संहिता से पहले नए जिले और संभाग बनाना अनुचित माना गया। परिणामस्वरूप, जिलों को रद्द कर दिया गया। भजनलाल सरकार ने पिछले प्रशासन के कुछ नए प्रस्तावित जिलों को अव्यवहारिक माना और उनका मानना ??था कि इससे राजस्थान पर अतिरिक्त बोझ पड़ेगा, जो राज्य के हित में नहीं था। बदलाव के बाद अब कुल 41 जिले और 7 मंडल होंगे।

## मन की बात में बोले पीएम मोदी

# आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का पहली बार होगा महाकुंभ में इस्तेमाल

नई दिल्ली/ एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को अपने मासिक कार्यक्रम 'मन की बात' में 'महाकुंभ' का जिक्र किया। उन्होंने महाकुंभ को एकता का महाकुंभ बताया। साथ ही उन्होंने लोगों से इस आगामी भव्य धार्मिक समागम से समाज से नफरत और विभाजन को खत्म करने के संकल्प के साथ लौटने का आग्रह किया। पीएम मोदी ने यह भी बताया कि पहली बार महाकुंभ में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का इस्तेमाल होगा। इसके अलावा पीएम ने सविधान का भी जिक्र किया और कहा कि यह समय की हर कसौटी पर खरा उतरा है। महाकुंभ का जिक्र करते हुए पीएम मोदी ने कहा, 'महाकुंभ की विशेषता केवल इसकी विशालता में ही नहीं है, कुंभ की विशेषता इसकी विविधता में भी है। इस आयोजन में करोड़ों लोग एक साथ एकत्रित होते हैं। लाखों संत, हजारों परम्पराएं, सैकड़ों संप्रदाय, अनेकों अखाड़े, हर कोई इस आयोजन का हिस्सा बनता है। कहीं कोई भेदभाव नहीं दिखता है, कोई बड़ा नहीं होता है, कोई छोटा नहीं होता है। अनेकता में एकता का ऐसा दृश्य विश्व में कहीं और देखने को नहीं मिलेगा। 'मन की बात' में पीएम मोदी ने कहा, '2025 में 26 जनवरी को हमारे संविधान को लागू हुए 75 वर्ष होने जा रहे हैं। हम सभी के लिए बहुत गौरव की बात है।



हमारे संविधान निर्माताओं ने हमें जो संविधान सौंपा है, वो समय की हर कसौटी पर खरा उतरा है। संविधान हमारे लिए गाइडिंग लाइट है, हमारा मार्गदर्शक है। इसमें आप संविधान की प्रस्तावना पढ़कर अपना वीडियो अपलोड कर सकते हैं। अलग-अलग भाषाओं में संविधान पढ़ सकते हैं, संविधान के बारे में प्रश्न भी पूछ सकते हैं। 'मन की बात' के श्रोताओं से, स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों से, कॉलेज में जाने वाले युवाओं से मेरा आग्रह है, इस वेबसाइट पर जरूर जाकर देखें, इसका हिस्सा बनें।' विपक्षी दल केंद्र सरकार पर संविधान को कमजोर करने का अक्सर आरोप लगाते रहे हैं, जिसका सत्तारूढ़ दल ने जोरदार खंडन किया है। मोदी ने संवैधानिक मूल्यों एवं भावना को मजबूत करने के अपनी सरकार के प्रयासों का कई बार जिक्र किया है और मुख्य विपक्षी कांग्रेस पर आरोप लगाया है कि जब भी वह सत्ता में रही, उसने संविधान को नुकसान पहुंचाने का प्रयास किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस साल के आखिरी 'मन की बात' कार्यक्रम में स्वास्थ्य क्षेत्र में भारत को मिली दो बड़ी उपलब्धियों की जमकर तारीफकी।

# मन की बात मे प्रधानमंत्री मोदी ने की छत्तीसगढ़ के बस्तर ओलंपिक की तारीफ

**बसना ( समय दर्शन )।** मन की बात में प्रधानमंत्री मोदी ने की छत्तीसगढ़ के बस्तर ओलंपिक की तारीफ । बसना मण्डल के प्रमुख ग्राम बंसूला के मिडिल स्कूल में सामुहिक रूप से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी का रेडियो कार्यक्रम मन की बात का 117वां एपिसोड का प्रसारण सुना गया। जिसमें मण्डल के पदाधिकारियों ने मोदी जी का मन की बात कार्यक्रम सुना ।

जिसमें वरिष्ट भाजपा नेता ओमप्रकाश चौधरी,जिला उपाध्यक्ष रमेश अग्रवाल, मंडल अध्यक्ष अनिल अग्रवाल, महामंत्री जन्मजय साव,नरेन्द्र यादव,महेंदसिंह अरोरा, निर्मल दास,विकास वाधवा, कामेश बंजारा,आकास सिन्हा,संजय अग्रवाल, दीपक शर्मा ,चंद्रकांता दुबे एवं अनेक मतृशक्ति सहित वार्ड की महिलाएं तथा भा ज पा कर्य्कर्या उपस्थित रहे।



मन की बात कार्यक्रम में पीएम ने सबसे पहले लोगों को नए साल की शुभकामनाएं दी। पीएम मोदी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि डिजिटल भारत का असर अब दिखने लगा है। डिजिटल नेविगेशन की मदद से आप महाकुंभ 2025 में विभिन्न घाटों, मंदिरों और साधुओं के अखाड़ों तक पहुंच सकेंगे। यही नेविगेशन सिस्टम आपको पार्किंग स्थलों तक पहुंचने में भी मदद करेगा

**महाकुंभ 2025 में होगा ,ह्व का इस्तेमाल-** पीएम ने कहा कि पूरे मेला क्षेत्र को,ह्व संचालित कैमरों से कवर किया जा रहा है। कुंभ के दौरान अगर कोई अपने परिजनों से बिछड़ जाता है तो ये कैमरे उसे ढूंढने में मदद करेंगे। श्रद्धालुओं को डिजिटल खोया-पाया केंद्र की सुविधा भी मिलेगी

**संविधान हमारा मार्गदर्शक-** पीएम ने इसी के साथ संविधान पर भी अपनी बात रखी और कहा कि 26 जनवरी 2025 को हमारा संविधान 75 साल पूरे कर रहा है। संविधान हमारा मार्गदर्शक है और निर्माताओं ने जो संविधान सौंपा है वो समय की हर कसौटी पर खरा उतरा है।पीएम ने आगे कहा कि इस वर्ष 26 नवंबर को संविधान दिवस पर भारत अपने संविधान को अपनाने के 75 वर्ष मनाएगा। उन्होंने कहा कि इस मील के पत्थर का सम्मान करने के लिए एक राष्ट्रव्यापी अभियान नागरिकों को संविधान की प्रस्तावना पढ़ने और अपने वीडियो साझा करने के लिए शुरू किया गया है, जिससे सामूहिक गौरव और एकता की भावना को बढ़ावा मिलेगा

बस्तर ओलंपिक की तारीफ़पीएम ने कहा कि बस्तर में एक अनूठा ओलंपिक शुरू हुआ है। बस्तर ओलंपिक से बस्तर में एक नई क्रांति जन्म ले रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि मेरे लिए ये बहुत ही खुशी की बात है कि, बस्तर ओलंपिक का सपना साकार हुआ है। आपको भी ये जानकार अच्छा लगेगा कि यह उस क्षेत्र में हो रहा है, जो कभी माओवादी हिंसा का गवाह रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

## सुवर का शिकार करने बिछाया करेंट, दो युवक आया चपेट मे , 5 आरोपी गिरफ्तार 1 फरार



**सारंगढ़ बिलाईगढ़ ( योगेश कुर्रे )।** सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिला मे जैसे ही हाथियों का झुण्ड जिले के जंगल से बाहर निकला वैसे ही शिकारियो का मूमेंट जंगल मे शुरू हो और जंगली जानवरो का शिकार की घटना फिर सामने आनी शुरू हो गई जंगली सुवर का शिकार करने बिछाए करेंट की चपेट मे दो ग्रामीण आ गए आपको बता दे बरमकेला वनाचल गांव कलगाटार मे कृषि भूमि मे शिकारियो ने 33 केवी तार बिछाया था जिसमे बिजली प्रवाहीत हो रही थी उसकी चपटे मे कलगाटार के दो युवक चपेट मे आ गए और घायल हो गए जिनको अस्पताल मे भर्ती कराया गया घटना की जानकारी जैसे ही वन विभाग की टीम को हुई मामले की जाँच करना शुरू कर दी जिसमे एक आरोपी किरला बरिहा का नाम सामने आया था जिसके घर जाकर पूछताछ मे और उनके साथ का नाम सामने आया शाम ढलते तक आरोपियों तक पहुंच गई जिसमे कुल 6 आरोपी बताया जा रहा जिसमे 5 आरोपी को वन विभाग की टीम ने पकड़ लिया है एक आरोपी फरार चल रहा है सभी आरोपी करनपाली के रहने वाले है

**आरोपी -** किरला बरिहा, सुनील बरिहा, दिनेश बरिहा, चंदू लाल बरिहा,परमानन्द बरिहा,खोबी चंद बरिहा

## परमपुज्य बाबा गुरु घासीदास जयंती एवं भव्य मँडई मिलन समारोह

पाटन विधानसभा स्थित ग्राम गुजरा (भाटापारा) मे एवं मँडई मिलन का कार्यक्रम एवं रखा गया है। जिसमे संत शिरोमणि गुरु घासीदस जी कि 268 वी जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। जिसमे उक्त कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप मे पूर्व मुख्मंत्री छत्तीसगढ़ शासन एवं विधायक पाटन भूपेश बघेल जी, अध्यक्षता माननीय संत राम कुर्रे जी अध्यक्ष तहसील सतनामी समाज एवं विशेष अतिथि माननीय श्री आशीष वर्मा जी पूर्व ओएसडी मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन उपस्थित होंगे। साथ ही दिनांक 31 दिसंबर रविवार को रात्रि कालीन मोर मयारू संगी छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक लोक कला मंच टेड़ेसरा का कार्यक्रम रखा गया है। उक्त जानकारी प्रमोद पहरी (गुजरा) के द्वारा दिया गया ।

## वन ग्राम अचानक मार क्षेत्र के विभिन्न ग्राम पंचायत वासियों से मुलाकात कर समस्या से रूबरू हुए उपमुख्यमंत्री अरूण साव



**मुंगेली( समय दर्शन )** मुंगेली जिला अंतर्गत विधानसभा लोरमी क्षेत्र में जनसंपर्क करने क्षेत्र के विधायक उप-मुख्यमंत्री अरूण साव ने अपने निर्वाचन क्षेत्र के वन ग्रामों में अचानक मार , छपरवा सहित विभिन्न स्थानों पर कार्यकर्ताओं एवं ग्राम वासियों से मुलाकात कर शासन द्वारा चलाए जा रहे मुलभुत जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है कि नहीं और नहीं तो क्यों नहीं मिल पा रहा है। कि जानकारी लेने व आने वाले समय पर उक्त जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिलेगा एवं योजना से संबंधित आवेदन पत्र जमा करने उपरांत योजना का लाभ मिलेगा कि जानकारी दी साथ ही संबंधित ग्राम पंचायत के सरपंच को ग्राम वासियों की योजना से संबंधित आवेदन पत्र जमा कर योजनाओं का लाभ ज्यादा से ज्यादा ग्रामीणो को मीले साथ ही विभिन्न ग्राम वासियों को कम्बल वितरण किया गया। उक्त जनसंपर्क के दौरान भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारि सक्रिय कार्यकर्ता सरपंच सचिव सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## भाजपा देश की समन्वयवादी नींव को नुकसान पहुंचा रही है : कुलबीर



**राजनांदगांव।** संविधान हमारे लोकतंत्र की आधारशिला है और हमारे राष्ट्र को जोड़ने वाला सूत्र है, संविधान सभी को समानता का अधिकार, सभी के लिए न्याय और निष्पक्षता सुनिश्चित करता है, यह यात्रा हमारे संविधान के संस्थापकों की दूरदृष्टि को श्रद्धांजलि है और प्रस्तावना में निहित न्याय, समानता, स्वतंत्रता और बंधुत्व के मूल्यों की याद दिलाती है। संविधान की रक्षा करना हमारा कर्तव्य है, जिसको लेकर शहर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा 25 दिसंबर बुधवार को संविधान सम्मान यात्रा निकाली गई।

शहर जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री अमित चंद्रवंशी ने विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आव्हान पर 60 दिवसीय राष्ट्रव्यापी संविधान रक्षक यात्रा का आयोजन किया गया है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देशानुसार शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा के नेतृत्व में बुधवार 25 दिसंबर को संविधान रक्षा यात्रा निकली गई। बाबा साहेब अम्बेडकर तस्वीर की तख्तियां लेकर कांग्रेसजन शांतिनगर वार्ड नंबर- 10 बजरंग चौक से निकले, जो वार्ड के बुद्ध विहार में भगवान गौतम बुद्ध व बाबा साहेब अम्बेडकर की प्रतिमा पर मोमबत्ती जलाकर आगे बढ़ी, जो वार्ड का भ्रमण करते हुए चिखली बाजार में जयघोष के साथ यात्रा का समापन हुआ।

शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने कहा कि 26 नवंबर से 26 जनवरी तक पूरे देश में संविधान बचाओ यात्रा निकाली जा रही है, जिसके द्वितीय चरण में आज शांतिनगर मे निकाली गई। संविधान निर्माता डा. बाबा साहेब अम्बेडकर का जीवन पूरा संघर्ष मय रहा। बाबा साहेब अर्थशास्त्री, आधुनिकता के ज्ञाता थे, वे जीवन में जो कठिनाईयों के साथ छूआछूत देखी थी, उनको मिटाने और समाज को संगठित कर समानता का अधिकार दिलाने संविधान की रचना की, जिसमें सभी वर्गों को समाहित किया।

श्री छाबड़ा ने कहा कि राष्ट्रविरोधी ताकते जिस प्रकार से षड्यंत्र रचकर संविधान को बदलने की कोशिश कर रहे, वह गलत है। आज हम संकल्पित है कि जो संविधान बचाने के लिए। इसी तरह तरह भाजपा पार्टी व गृहमंत्री अमित शाह द्वारा डॉ. भीमराव बाबासाहेब अंबेडकर जी पर व्यक्तिगत हमला करने लगे हैं, जिसका हम कांग्रेसजन पूरजोर विरोध करते है। रैली में प्रमुख रूप से शहर कांग्रेस उपाध्यक्ष विकास त्रिपाठी, मोहम्मद यहया, महामंत्री झम्मन देवांगन,ए अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ अध्यक्ष सिद्धार्थ डोंगरे, योगेन्द्र सिंह, अतुल शर्मा, एनएसयूआई अध्यक्ष अमर झा, मुस्तफा जोया, सादिक पिंटू खान, पार्षद पूर्णिमा नागदेवे, आशीष सोनटक्के, जितेन्द्र सिन्हा, शौर्य वैष्णव, बंटी यादव, कंचन वर्मा, शारदा वासनिक, चंद्रकला, गौतर बाई, इंदुबाई वासनिक, बिसंतीन बाई, राजकुमार, श्यामकुंवर, कुंती वर्मा, गोलू नायक, हर्ष सोनटक्के, यादवराम यादव, यादोराव भिमटे सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी शामिल हुए।

## शासन की गलत नीतियों के खिलाफबसपा और जोगी कांग्रेस हुई एकजुट, खोला मोर्चा

**राजनांदगांव।** पुलिस भर्ती में हो रहे खुलेआम भ्रष्टाचार, बेरोजगारों के साथ हो रहे अन्याय, आबकारी विभाग के ट्रांसफर का खेल, आंगनबाड़ियों की लगातार हो रही दुर्दशा, आरटीओ ऑफिस में लंबे समय से चल रही कमीशनखोरी और प्रधानमंत्री आवास योजना की सुविधा से बेदखल हो वंचितों के अधिकारों की रक्षा के लिए और पीड़ितों को न्याय दिलाने बहुजन समाज पार्टी और जोगी कांग्रेस ने एकस्वर में सरकार के खिलाफ आक्रोश प्रकट किया, यदि भर्राशाही का यह आलम रहा तो सरकार को घेरने सड़क से लेकर संसद तक की लड़ाई लड़ने की भी चेतावनी दी है।




जोगी कांग्रेस के जिलाध्यक्ष शमसूल आलम व बसपा पूर्व जिलाध्यक्ष शिवशंकर प्रसाद ने एक स्वर में कहा कि, पुलिस भर्ती में भ्रष्टाचार का खुलेआम खेल खेला जा रहा था, इसकी भनक प्रशासन को तब लगी जब लगातार चल रहे भ्रष्टाचार से आहत होकर इस एक अभ्यर्थी ने आत्महत्या कर अपनी जान दे दी। आनन-फानन में सरकार भर्ती प्रक्रिया बीच में ही रद्द करनी पड़ी। पुलिस भर्ती में जिन भी अभ्यर्थियों को मानसिक, शारीरिक और आर्थिक नुकसान हुआ, सरकार उसकी तुरन्त भरपाई करें। अभ्यर्थियों को त्वरित रूप से न्याय दिलाने जांच की कार्यवाही, राज्य टीम से न कराकर, केंद्रीय जांच एजेंसीयों से जांच कराई जाये और मामले में जो भी दोषी पाये जाएं उन पर वैधानिक कार्यवाही की जाये। साथ ही विभाग में चल रहे भ्रष्टाचार को रोक पाने में नाकाम रहने के चलते, गृह मंत्री विजय शर्मा को, नैतिकता के नाते तत्काल अपना इस्तीफा दे देना चाहिए। प्रदेश की जनता को किन-किन परेशानियों से गुजरना पड़ रहा है, इससे सरकार को कोई सरोकार नहीं है। इस अनदेखी का खामियाजा उन्हें आने वाले नगर निकाय चुनाव में निश्चित रूप से चुकाना पड़ेगा। आंगनबाड़ी के लिए सरकार के पास खुद का भवन और जगह नहीं है, सामाजिक भवनों और धार्मिक स्थलों के लिए जगह और पैसा दोनो है, लेकिन शिक्षा के लिए उनके पास कोई जगह नहीं है। आधी से ज्यादा आंगनबाड़ी निजी घरों में संचालित हो रही है, जिसका किराया कम होने की वजह से इन केंद्रों मे ठीक से बिजली, पानी और शौचालय तक की सुविधा नहीं है, जबकि आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं को नाममात्र की छुट्टियां और न्यूनतम वेतन दिया दिया जाता है।

बहुजन समाज पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष और कर्तव्य-न्याय-भागीदारी आंदोलन के संयोजक शिवशंकर सिंह ने बताया कि, आरटीओ आफिस के रमाकांत और केशव द्वारा ऑफिसर के साथ मिलकर दिनभर में लाखों रुपये की बंदरबाट की जा रही है। कमीशनखोरी और अवैध वसूली का कारोबार चलाया जा रहा है, सभी सरकारी दफ्तरों में अधिकारियों के कक्ष और मेजों पर कैमरा लगाए जाये और उनकी उनके परिवार की चल-अचल संपत्तियों की जांच की जाये।

वहीं जोगी कांग्रेस के जिला अध्यक्ष शमसुल आलम ने आबकारी विभाग में हो रही गड़बड़ी और दुकान के लोकेशन आफिसर रजत दुबे के कर्मचारियों के ट्रांसफर की गड़बड़ी में भी गंभीर आरोप लगाते हुये और पुलिस भर्ती की जांच का जिम्मा केंद्रीय जांच एजेंसी से कराने की मांग की है। इतना ही उन्हें यह भी सीधा आरोप लगाया है कि, महतारी वंदन योजना में एकमात्र सनी लियोन के खाते में ही नहीं, लाखों लोगों के खाते में फर्जी तरीके से पैसो के ट्रांसफर हो रहे हैं। दोनों ही दलों के प्रमुखों ने सरकार को सख्त लहजे में चेताया है कि, अगर उनकी मांग जल्द से जल्द पूरी नहीं हुई तो, सड़क से लेकर संसद तक की लड़ाई संयुक्त रूप से लड़ी जाएगी और जिला कार्यालय का घेराव पहले चरण में और दूसरे चरण में विधानसभा और संसद का घेराव किया जायेगा और त्रि-स्तरीय चुनाव का वहिष्कार किया जाएगा। इस अवसर पर बहुजन समाज पार्टी व जोगी कांग्रेस के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## सत्य कर्म से स्वर्ग और असत्य कर्म नर्क में प्रवेश कराता है, ग्राम तर्रा में भागवत कथा का तीसरा दिन आचार्य पंडित प्रांशु कृष्ण शास्त्री महाराज ने धर्म,अर्थ, कर्म व मोक्ष की महत्ता पर विस्तार से कथा सुनाई

**पाटन।** ग्राम तर्रा में आयोजित संगीतमय श्रीमद भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ कथा के तीसरा दिन रविवार को प्रह्लाद चरित्र, अजामल कथा, वाराह अवतार की कथा सुनाई गई।

कथा वाचक प्रांशु कृष्ण शास्त्री श्री धाम वृंदावन वाले ने धर्म,अर्थ, कर्म व मोक्ष की महत्ता पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि सत्य और असत्य कर्म है असत्य कर्म से पतन होता है और नरक की तरफ व्यक्ति जाता है और सत्य से स्वर्ग में प्रवेश करता है जहां सुख शांति मिलती है । उन्होंने प्रहलाद चरित्र में भक्ति की प्रधानता ईश्वर सिद्धि के रूप में बताते हुए कहा कि राजा हिरणाकश्यप खुद को भगवान समझता था। प्रजा को भी वह उन्हें भगवान मानने के लिए दबाव डालता



था। लेकिन हिरणाकश्यप का पुत्र प्रहलाद विष्णु को ही भगवान मानता था। प्रहलाद के इस भक्ति भाव से हिरणाकश्यप नाराज था। एक दिन हिरणाकश्यप ने प्रहलाद से पूछा कि तुम्हारा भगवान विष्णु कहां रहता है। प्रहलाद ने एक खंभे की ओर इशारा करके कहा कि मेरा भगवान हर जगह है। आक्रोश में आकर हिरणाकश्यप ने उस खंभे को तोड़ने का प्रयास किया। इसके बाद खंभे से भगवान श्री विष्णु नरसिंह अवतार में प्रकट हुए और उन्होंने हिरणाकश्यप का वध किया। ईश्वर तो कण-कण में हैं। लेकिन वह दिखाई नहीं देते हैं। उद्धारण के तौर पर पानी में नमक घोलते हैं तो दिखाई नहीं देता है। लेकिन चखने पर प्रतीत होता है। उसी प्रकार परमात्मा कण-कण में व्याप्त हैं। परमात्मा को तो केवल भक्ति से ही प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने नवरात्रि के समय में कन्याओं के पूजन व कन्याओं की रक्षा करने का संदेश देते हुए कहा कि सनातन धर्म में कन्याओं की पूजा की जाती है। इसलिए कन्याओं की रक्षा करने के साथ उन्हें शिक्षित करें जिससे समाज और देश प्रगति पर चले। कथा के दौरान श्रद्धालुओं को धार्मिक भजनों पर नृत्य करते व जयकारे लगाते हुए भी देखा गया। कथा का वाचन करते हुए पंडित जी ने कहा कि, भागवत कथा सुनना और भगवान को अपने मन में बसाने से व्यक्ति के जीवन में परिवर्तन आता है। भगवान हमेशा आपने भक्त को पाना चाहता है। जितना भक्त भगवान के बिना अधूरा है उतना ही अधूरा भगवान भी भक्त के बिना है। भगवान ज्ञानी को नही अपितु भक्त को दर्शन देते हैं। और सच्चे मन से ही भगवान प्राप्त होता है। भगवान विष्णु की भक्ति में लीन रहते थे। उनके पिता हिरण्यकश्यप भगवान विष्णु को अपना शत्रु मानते थे।

## शास.नवीन महाविद्यालय पिरदा द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का सात दिवसीय आयोजन








**बसना ( समय दर्शन )।** शासकीय नवीन महाविद्यालय पिरदा द्वारा संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का सात दिवसीय शिविर जिला संगठन डॉक्टर मालती तिवारी एवं महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर अमृतलाल पटेल के निर्देशन में ग्राम पंचायत गोडमर्रा में संचालित हो रही है।

शिविर दिनांक-25 दिसम्बर से 31 दिसम्बर तक संचालित होगी।

शिविर के द्वितीय दिवस दिनांक 26 दिसम्बर 2024 को विविध आयोजन हुए।

इस अवसर पर सुबह 5:00 बजे जागरण एवं 6:00 बजे स्वच्छता , नशा मुक्ति एवं एन एस एस के नारे लगाते हुए प्रभात फेरी निकाली गई ।

जिसमें राष्ट्रीय सेवा योजना लक्ष्य गीत का गायन किया गया । प्रभात फेरी से आने के पश्चात महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक कश्यप प्रधान एवं शिविर संगठन नंदकिशोर साव द्वारा स्वयंसेवकों को योग , व्यायाम एवं पीटी परेड कराया गया । स्वल्पाहार करने के पश्चात परियोजना कार्य में समूह के अनुसार विभिन्न कार्य बांटे गए । जिसमें शासकीय प्राथमिक शाला गोडमर्रा परिसर क्षेत्र की सफाई की गई। दीवाल में रंगाई पुताई के साथ पौधों में पानी डाला गया । छोटे पौधों को घेरा गया । विद्यालय के पीछे मैदान की सफाई की गई एवं पानी टंकी हेतु चबूतरा निर्माण किया गया।

स्वयं सेवकों द्वारा ही विद्यार्थीयों के लिए भोजन बनाया जा रहा है ।

बौद्धिक परिचर्चा में थाना बसना के थाना निरीक्षक राजेंद्र सिंह राजपूत मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किए गए थे । उन्होंने स्वयंसेवकों से चर्चा परिचर्चा कर बताया कि, किस प्रकार गांव में हो रहे अपराध को रोका जाए एवं पुलिस की भर्ती प्रक्रिया क्या होती है । रक्षा क्षेत्र में भर्ती प्रक्रिया किस प्रकार से होती है, उनकी ट्रेनिंग किस प्रकार से होती है। साइबर क्राइम क्या है? इन विषयों पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। इस दौरान दाशरथी चौहान ने पत्रकारिता के महत्व को साझा किया ।

थाना परिवार से बलराम साहू भी विशिष्ट अतिथि के रूप में पधारें ।

कार्यक्रम का संचालन बीएससी तृतीय वर्ष की छात्रा कुमारी सुषमा भोई द्वारा किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी एवं उनके सहायक नवीन कुमार साहू , सहायक प्राध्यापक गणित कश्यप प्रधान एवं सभी स्वयंसेवक साथ ही गोडमर्रा विद्यालय के बच्चे उपस्थित रहे ।

सार समाचार

## अलग-अलग क्षेत्र से तीन नाबालिग लड़कियां लापता

**रायपुर( समय दर्शन )।** अलग-अलग थाना क्षेत्र से तीन नाबालिग लड़कियां लापता हो गई है। मामले में पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार संतोषीनगर निवासी 56 वर्षीय प्रार्थिया ने टिकरापारा थाना में शिकायत किया कि उसकी 17 वर्षीय पुत्री को अज्ञात आरोपी ने बहला फुसलाकर भगा ले गया। वहीं दूसरे मामले में मंदिरहसौद निवासी 35 वर्षीय प्रार्थी ने मंदिरहसौद थाना में शिकायत किया कि उसकी 15 वर्षीय पुत्री को अज्ञात आरोपी ने बहला फुसलाकर भगा ले गया है। वहीं न्यू शांतिनगर निवासी 50 वर्षीय प्रार्थिया ने सिविल लाइन थाना में शिकायत किया कि अज्ञात आरोपी ने उसकी 16 वर्षीय पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले गया है। तीनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज कर जांच में लिया है।

## सूने मकान से हजारों रुपए के जेवर पार

**रायपुर( समय दर्शन )।** अवनी विहार कालोनी दलदल सिवनी स्थित सूने मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर ने सोने-चांदी के जेवर सहित साड़ी पार कर दिया। प्रार्थिया की शिकायत पर मोवा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया मीना शर्मा 69 वर्ष अवनी विहार कालोनी दलदल सिवनी की रहने वाली है। प्रार्थिया ने थाना में शिकायत किया कि अज्ञात चोर ने उसके सूने मकान का ताला तोड़कर आलामरी में रखे सोने-चांदी के जेवर व साड़ी पार कर दिया। चोरी गए जुमला कीमती करीब 70 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है।

## हॉस्टल से एक युवती गायब

**रायपुर( समय दर्शन )।** दिनाँक 07.12.24 को गुम शुदा कुमारी हेमलता वर्मा पिता भोज राज वर्मा उम्र 23 वर्ष साकिन मोहारा राजनांदगांव जो रविशंकर यूनिवर्सिटी के हास्टल से बिना बताये कहीं चली गई है. ऊंचाई 5'2 तथा रंग गोरी बाल काले भूरा और स्काई ब्लू रंग की शर्ट और काले रंग की जीन्स पहनी है गर्दन के दाहिने साइड सफेद दाग हैं.जिसका पतासाजी थाना सरस्वती नगर रायपुर में गुम इंसान कायम कर जांच कार्यवाही में लिया गया है। गुमशुदा की कहीं पता चलने पर थाना सरस्वती नगर रायपुर के संपर्क न-9479191034 और कंट्रोल रूम न. रायपुर-9479191099 में संपर्क कर सूचित करने का कष्ट करें.

सीसीटीवी से होगी निगरानी

# नए साल के जश्न को लेकर तैयारियां जोरों पर लेकिन, नियम तोड़े तो होगी कार्रवाई

**रायपुर( समय दर्शन )।** नए साल 2025 के जश्न की तैयारी रायपुर में ज़ोरों पर है। इस बार 80 से अधिक होटलों, रेस्टोरेंट्स और फार्म हाउसों ने शराब परोसने के लिए अनुमति मांगी है, जिसे प्रशासन ने सख्त नियमों के साथ मंजूरी दी है। जश्न मनाने वालों को नियमों का पालन करना होगा, वरना जेल की हवा खानी पड़ सकती है। आयोजकों को निर्देश दिया गया है कि सभी कार्यक्रम 31 दिसंबर की रात 12:30 बजे तक बंद कर दिए जाएं। देर रात पार्टी करने वालों और नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई होगी। 500 पुलिस जवानों की तैनाती- शहर में शांति और सुरक्षा बनाए रखने के लिए 500 से ज्यादा पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे। 20 चेक पॉइंट्स पर निगरानी- शराब पीकर गाड़ी चलाने, तेज रफ्तार और अन्य कानून तोड़ने वालों पर सख्ती से कार्रवाई की जाएगी।सभी प्रमुख आयोजन स्थलों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। तेलीबांधा, वीआईपी रोड और नवा रायपुर जैसे इलाकों में पुलिस गश्त बढ़ाई जाएगी। आबकारी विभाग ने विशेष टीमें बनाई हैं, जो सुनिश्चित करेंगी कि होटलों और बार में शराब परोसने के समय का पालन हो। रात 12 बजे के बाद खुला पाया जाने पर जुर्माना और कार्रवाई होगी। 31 दिसंबर की रात विशेष नाइट पेट्रोलिंग टीम सक्रिय रहेगी। सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने, स्टंटबाजी, कार रेसिंग या खुले में पार्टी करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) के निर्देशों का पालन अनिवार्य होगा। आतिशबाजी केवल तय स्थान और समय पर करने की अनुमति दी गई है। होटलों और रेस्टोरेंट्स को पर्याप्त पार्किंग की व्यवस्था करनी होगी। सड़क पर पार्किंग पाए जाने पर वाहन मालिकों पर जुर्माना लगाया जाएगा। आयोजकों को सुनिश्चित करना होगा कि सभी कार्यक्रम नियमों और शांति व्यवस्था के तहत आयोजित हों। नए साल का जश्न मनाने के दौरान सुरक्षा, समय और नियमों का ध्यान रखना बेहद जरूरी है। उल्लंघन करने पर प्रशासन सख्त कार्रवाई करेगा।



# प्रतिबंधित नशीली कोडिंन सिरप के साथ दो गिरफ्तार

**रायपुर( समय दर्शन )।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेन्द सिंह के द्वारा पूर्व से चलाए जा रहे विशेष अभियान निजात के तहत अवैध प्रतिबंधित मादक पदार्थो सहित प्रतिबंधित नशीली टेबलेट एवं सिरप तथा सूखे नशे के तस्करी, खरीदी-बिक्री, नियंत्रण एवं रोकथाम हेतु अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक क्राईम रायपुर के नेतृत्व में 11 सदस्यीय टीम का गठन किया गया है। जिसमें उक्त टीम को फाइनेंशियल इनवेस्टिगेशन, सोर्स प्वाइंट, डेस्टिनेशन प्वाइंट पर प्रभावी कार्यवाही करने सहित स्त्रोत के बारे में विस्तृत जानकारी लेकर उनके विरूद्ध विधिसंगत विधिवत कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है। इसी तारतम्य में दिनांक 28.12.24 को थाना डीडी नगर पुलिस को सूचना प्राप्त हुई की डीडी नगर क्षेत्रांतर्गत इंद्रप्रस्थ कॉलोनी बिजली ऑफिस के पास दो व्यक्ति अपने पास प्रतिबंधित नशीली पदार्थ रखे हैं तथा कहीं जाने की फिराक में है। जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पश्चिम डी.आर. पोर्ते तथा नगर पुलिस अधीक्षक पुरानी बस्ती0- राजेश देवांगन द्वारा थाना प्रभारी डीडी नगर को सूचना की तस्दीक कर आरोपियों को रंगे हाथ गिरफ्तार करने हेतु निर्देशित किया गया। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन तथा थाना प्रभारी डी डी नगर के नेतृत्व में थाना डीडी नगर पुलिस की टीम द्वारा उक्त स्थान पर जाकर मुखबीर द्वारा बताये हुलिए के व्यक्तियों को चिन्हांकित कर पकड़ा गया। पूछताछ में व्यक्तियों ने अपना नाम सूरज कलेत एवं राकेश साहू निवासी डीडी नगर रायपुर होना बताया। टीम के सदस्यों द्वारा उनके पास रखे थैले की तलाशी लेने पर थैले में प्रतिबंधित नशीली पदार्थ कोडिन सिरप रखा होना पाया गया। टीम के सदस्यों द्वारा प्रतिबंधित नशीली पदार्थ कोडिंन सिरप रखने के संबंध में वैध कागजात प्रस्तुत करने कहाँ, जिसपर उनके द्वारा किसी प्रकार का कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत न करते हुए टीम के सदस्यों को गुमराह किया जा रहा था। जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से प्रतिबंधित नशीली पदार्थ कोडिन सिरप 53 सीसी जुमला कीमती लगभग 8000/- रुपए जप्त कर आरोपियों के विरुद्ध थाना डीडी नगर में अपराध क्रमांक 496/24 धारा 21 सी नारकोटिक एक्ट का अपराध पंजीबद्ध किया गया है।

# नए जज ने किया सेंट्रल जेल का औचक निरिक्षण

**रायपुर( समय दर्शन )।** नवपदस्थ प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश रायपुर बलराम प्रसाद वर्मा ने केन्द्रीय जेल रायपुर के पुरूष सेल एवं महिला सेल का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने जेल परिसर एवं जेल बैरकों की साफ सफाई तथा कैदियों को प्रदान किए जाने वाले भोजन आहार का निरीक्षण किया जो संतोषजनक पाया गया। जज ने जेल में स्थापित लीगल एड क्लिनिक के क्रियान्वयन का भी निरीक्षण किया और वहाँ उपस्थित होने वाले लीगल एड डिफेन्स कौन्सिल एवं न्यायमित्र (पी.एल.वी.) को वहाँ रहने वाले कैदियों को हरसंभव विधिक सुविधा प्रदान किये जाने हेतु प्रोत्साहित किया एवं कोई भी बंदी बिना विधिक प्रतिनिधि / अधिवक्ता के न रहे यह सुनिश्चित करने को कहा गया। केन्द्रीय जेल रायपुर में बी.पी. वर्मा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश रायपुर द्वारा विधिक साक्षरता शिविर भी किया गया जिसमें वहाँ उपस्थित कैदियों को लीगल एड क्लीनिक के कार्यशैली के बारे में जानकारी दी गई और कैदियों को उनके अधिकारों के बारे में बताया गया तथा व्यक्तिगत रूप से कैदियों की परेशानियों को भी उनके द्वारा सुना गया । केन्द्रीय जेल रायपुर में स्थापित हॉस्पिटल का भी निरीक्षण द्वारा किया गया वहाँ उपस्थित चिकित्सकों से मिलकर वहाँ भर्ती मरिजों की जानकारी ली गई और चिकित्सकों को निर्देशित किया गया कि मरिजों को कैदी या अपराधी ना समझते हुए केवल मरीज है यह समझकर मनवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए हर संभव उचित चिकित्सा सुविधा प्रदान किया जावे।



# बीएड प्रशिक्षित शिक्षकों के साथ भाजपा सरकार अन्याय कर रही: दीपक बैज

**रायपुर( समय दर्शन )।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि सरकार बीएड प्रशिक्षित सहायक शिक्षकों के साथ अन्याय कर रही है। भले ही इन शिक्षकों की नौकरी पर संकट तकनीकी रूप से अदालती निर्णय के कारण आया है लेकिन सरकार चाहे तो इस समस्या का तत्काल निराकरण कर सकती है। सरकार के पास शिक्षा विभाग में ही अनेकों ऐसे पद है जहां समान वेतनमान पर इन 2897 शिक्षकों की नियुक्ति की जा सकती है। प्रयोगशाला सहायक, उच्च श्रेणी शिक्षकों के रूप में इनकी नियुक्तियां की जा सकती है। वर्तमान शिक्षा विभाग में 70 हजार पद रिक्त है। 33000 शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया सरकार रोक कर रखी हैं। इन पदों पर इन शिक्षकों को समायोजित किया जा सकता है। सरकार इनके मामले में तत्काल निर्णय लेकर इनका समायोजन करे। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि प्रदेश के 2897 सहायक शिक्षक अपनी नौकरी बचाने के लिये आंदोलनरत है, धरने पर बैठे है सरकार है कि इस मामले में कोई निर्णय नहीं ले रही है। बीएड प्रशिक्षित सहायक शिक्षकों की नौकरी बचाने सरकार के पास अनेकों विकल्प है, विभागीय डीएड परीक्षा का आयोजन भी करवा कर नौकरी यथावत बरकरार रख सकती है सरकार लेकिन इस सरकार की नीयत ठीक नहीं है। भाजपा सरकार नौकरी छीनने वाली सरकार है। इन शिक्षकों को सरकार ने भर्ती निकाल कर प्रक्रिया पूरी करने के बाद नियुक्ति दिया था। अब अदालत के निर्णय के बाद गतिरोध आ रहा है तो सरकार इस मामले का समाधान निकाल डीएड प्रशिक्षित शिक्षकों के लिये अलग भर्ती निकाले तथा इन पहले से नियुक्ति पा चुके 2897 शिक्षकों की सेवा आगे सुनिश्चित रखने की व्यवस्था करें।



## कवासी के बेटे हरीश लखमा के घर ईडी ने मारी रेड

**रायपुर( समय दर्शन )।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा के बेटे हरीश कवासी के घर पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने छापेमारी की है। इसके साथ ही नगर पालिका अध्यक्ष राजू साहू के घर पर भी दबिश दी गई है। ईडी की टीम सुबह-सुबह दोनों नेताओं के घर पहुंची है। वहीं रायपुर धरमपुरा स्थित कवासी लखमा के निवास में भी ईडी पहुंची है। ईडी की टीम कांग्रेस नेताओं से पूछताछ कर रही है। छापा की अधिक जानकारी अभी सामने नहीं आ पाई है। रेड वाली जगहों पर सीआरपीएफ जवानों की तैनाती की गई है। बता दें कि इससे पहले 11 दिसंबर को रायपुर में डीएमएफ घोटाला मामले में ईडी रायपुर क्षेत्रीय कार्यालय ने निलंबित आईएएस अफसर रानू साहू, माया वरियर के साथ राधेश्याम मिर्झा, भुनेश्वर सिंह राज, वीरेंद्र कुमार राठौर, भरोसा राम ठाकुर, संजय शेंडे, मनोज कुमार द्विवेदी, ह्षभ सोनी एवं राकेश कुमार शुक्ला की 23.79 करोड़ रुपये की संपत्ति को कुर्क किया है। इसमें 21.47 करोड़ रुपये की अचल संपत्ति है, जिसे अटैच किया है। यह संपत्ति डीएमएफ घोटाले से अर्जित की गई ब्लैक मनी से खरीदी गई थी। डीएमएफ घोटाला मामले में ईडी ने रानू साहू, माया वरियर और मनोज कुमार द्विवेदी को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। वहीं शेष 7 आरोपी अब तक गिरफ्त से बाहर हैं। ईडी ने इस घोटाला मामले में 9 दिसंबर को प्रेस नोट जारी किया था, जिसके अनुसार इस घोटाला मामले में अंतिम कुर्की का आदेश जारी किया है। सभी आरोपियों की भूमि, आवासीय संपत्तियां, सावधि जमा और बैंक शेष सहित 21.47 करोड़ रुपये मूल्य की अचल और 2.32 करोड़ रुपये की चल संपत्तियां मिलाकर 23.79 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क की गई है।

)प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली में निगमबोध घाट पर पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के अंतिम संस्कार के दौरान उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की.



## होंडा मोटरसाइकिल ने लॉन्च किया नया 2025 यूनिकॉर्न 'Be A Wing Rider'

**रायपुर:** होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया (एचएमएसआई) ने आज नई यूनिकॉर्न लॉन्च की है, जो OBD2B मानकों के अनुरूप है। यह बाइक परफॉर्मेंस और भरोसे का एक सदाबहार प्रतीक है। इसे आज के तरक्कीम पसंद राइडर्स की मांगों को पूरा करने के लिए अब हाई-टेक फीचर्स से लैस किया गया है। 2025 होंडा यूनिकॉर्न की कीमत दिल्ली में एक्स-शोरूम कीमत 1,19,481 रुपये रखी गई है। नई यूनिकॉर्न को पेश करते हुए होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर, प्रेसिडेंट और सीईओ श्री त्सुत्सुमु ओटानी ने कहा, होंडा यूनिकॉर्न हमेशा से भारत के प्रीमियम यात्री वर्ग में अग्रणी रही है। पिछले कुछ वर्षों में, इसने लाखों ग्राहकों का भरोसा जीता है और यह गुणवत्ता, विश्वसनीयता और आराम का पर्याय बन चुकी है। नए 2025 मॉडल के लॉन्च के साथ, हम इसकी विरासत को और मजबूत कर रहे हैं। नए फीचर्स और अपडेट्स यूनिकॉर्न के आकर्षण को नई पीढ़ी के ग्राहकों तक पहुंचाएंगे। लॉन्च पर होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया के सेल्स और मार्केटिंग डायरेक्टर श्री योगेश माथुर ने कहा, 2025 यूनिकॉर्न में होंडा की प्रमाणित इंजीनियरिंग को एडवांस फीचर्स, व्यावहारिकता और OBD2B मानकों के अनुरूप अपडेटेड इंजन जैसी कई खास खूबियों के साथ जोड़ा गया है। ये प्रगति हमारे ग्राहकों को बेजोड़ वैल्यू प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता को दोहराती है। नया यूनिकॉर्न प्रीमियम यात्री वर्ग में एक बेंचमार्क स्थापित करता है। हमें विश्वास है कि यह समझदार राइडर्स के लिए पसंदीदा विकल्प बना रहेगा।

**नया यूनिकॉर्न : एडवांस फीचर्स और कुशल इंजन-** होंडा यूनिकॉर्न दो दशकों से भारतीय दोपहिया वाहन बाज़ार में एक विश्वसनीय नाम रहा है। शानदार डिज़ाइन, उन्नत तकनीक और बेजोड़ टिकाऊपन के संयोजन के साथ, यह लाखों राइडर्स की पहली पसंद रही है। 2025 मॉडल इस विरासत को आगे बढ़ाता है, जो नवीनतम उत्सर्जन मानकों का पालन करते हुए स्टाइल, आराम और तकनीक का मिश्रण पेश करता है।

आगे की तरफ इसमें क्रोम एम्बेलिशमेंट के साथ एक नया ऑल-एलईडी हेडलैंप दिया गया है और यह अपने सरल और बेहतर डिज़ाइन के साथ आता है। नया यूनिकॉर्न तीन रंगो - पर्ल इग्नियस ब्लैक, मैट एक्सिस ग्रे मेटैलिक और रेडिएंट रेड मेटैलिक के साथ एक ही वैरिएंट में उपलब्ध होगा। इसमें एक नया पूरी तरह से डिजिटल इंस्ट्रूमेंट कंसोल है जो गियर पोजिशन इंडिकेटर, सर्विस ड्यू इंडिकेटर, इको इंडिकेटर आदि सहित कई जानकारी दिखाता है। इसके अलावा, इसमें चलते-फिरते स्मार्टफोन चार्ज करने के लिए यूएसबी टाइप-सी चार्जिंग पोर्ट मिलता है। नई होंडा यूनिकॉर्न में 162.71cc, सिंगल-सिलेंडर, फ्यूल-इंजेक्टेड इंजन लगा है जो अब आगामी सरकारी नियमों को पूरा करने के लिए OBD2B कॉम्लाात एंट है। यह मोटर 7500 RPM पर 9.7 kW की पावर और 5250 RPM पर 14.58 Nm का पीक टॉर्क पैदा करता है।

# मेकाहारा में ओपन हार्ट सर्जरी शुरू : 50 वर्षीय महिला का वाल्व रिप्लेसमेंट

**रायपुर( समय दर्शन )।** डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय (मेकाहारा) के हार्ट सर्जरी विभाग के डॉक्टरों ने 50 वर्षीय महिला की सफल ओपन हार्ट सर्जरी कर मरीज को नया जीवन दिया है। हार्ट सर्जरी विभागाध्यक्ष डॉ. कृष्णकांत साहू के नेतृत्व में यह ऑपरेशन किया गया। सर्जरी के बाद महिला की हालत ठीक है और वह अभी डॉक्टरों की देखरेख में है। मरीज का वाल्व रिप्लेसमेंट हुआ है। महासमुंद निवासी 50 वर्षीय महिला मरीज को लगभग तीन साल से सांस फूलने की शिकायत थी। थोड़ा भी काम करने से ह्रदय की धड़कन बढ़ जाती थी जिसे हार्ट पल्पिटेशन कहा जाता है। अपनी इन्हीं समस्याओं के साथ महिला अम्बेडकर अस्पताल के एडवांस्ड कार्डियक इंस्टीट्यूट के हार्ट सर्जरी विभाग में डॉ. कृष्णकांत साहू के पास पहुंची। उन्होंने मरीज की पूरी जांच की। जाँच में पता चला कि हार्ट के वाल्व में सिकुड़न है और एक वाल्व में लीकेज है। हार्ट का वाल्व इतना सिकुड़ गया था कि, इनको डॉक्टर ने 3 साल पहले ही ऑपरेशन की सलाह दी थी मगर ओपन हार्ट सर्जरी का नाम सुनकर मरीज और उसके परिवार के लोग घबरा गए और उस वक्त उन्होंने ओपन हार्ट सर्जरी करवाने से मना कर दिया। फिर उसके बाद समस्या बढ़ती गई और मरीज पुनः एक बार फिर डॉ. कृष्णकांत साहू के पास पहुंची, जहां पर उन्होंने ने महिला को ओपन हार्ट सर्जरी से संबंधित सभी जानकारी दी। उनकी काउंसलिंग की। सर्जरी के बाद स्वास्थ्य में होने वाले सुधार के बारे में विस्तार से बताया। डॉ. कृष्णकांत साहू ने मरीज की स्थिति को ध्यान में रखते हुए अम्बेडकर अस्पताल के अधीक्षक डॉ. संतोष सोनकर को केस की गंभीरता और ओपन हार्ट सर्जरी की आवश्यकता के बारे में बताया। स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल के निर्देश पर तत्काल कार्डियक एनेस्थेटिस्ट, परफ्यूजनिस्ट और अन्य मानव संसाधन की व्यवस्था की गई। अंततः 26 दिसंबर को मरीज की ओपन हार्ट सर्जरी की गई और मरीज के ह्रदय में कृत्रिम वाल्व का प्रत्यारोपण किया और एक वाल्व को रिपेयर किया। इस ऑपरेशन को मेडिकल भाषा में माइट्रल वाल्व रिप्लेसमेंट बाय यूजिंग बाईलीफलेट मैटेलिक प्रोस्थेटिक वाल्व प्लस ट्राईकस्पिड वाल्व रिपेयर अंडर हार्टलंग मशीन कहा जाता है।डॉ. साहू ने मरीज की वर्तमान हालत के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि, मरीज ने आज सुबह का नास्ता, दोपहर का लंच और रात का खाना अपने हाथों से खाया। मरीज की हालत में लगातार सुधार है। मरीज का ऑपरेशन करने वाली टीम में हार्ट सर्जरी विभागाध्यक्ष डॉ. कृष्णकांत साहू, कार्डियक एनेस्थेटिस्ट डॉ. वरुण, परफ्यूजनिस्ट राहुल और डिगेश्वर तथा नर्सिंग स्टाफ में राजेंद्र, नरेंद्र एवं चोवा राम शामिल रहे।



## संपादकीय

# संसदीय बहस मिथकों में ही उलझी रही

लोकसभा में हुई चर्चा पर सियासी तू तू-मैं मैं ही हावी रही। संविधान की तारीफ, अनेक संदर्भों में इसके अयथार्थ महिमामंडन की आम होड़ और उन कसौटियों पर दूसरे पक्ष को कमतर दिखाने की प्रवृत्ति से संसदीय बहस उबर नहीं पाई। संविधान की 75वीं सालगिरह पर संसद में विशेष चर्चा का आयोजन तय हुआ, तो सामान्य स्थितियों में यही अपेक्षा होती कि इस संविधान के तहत 75 साल के अनुभवों पर सदस्य गंभीरता से मंथन करेंगे। इस दौरान वर्तमान संवैधानिक व्यवस्था की उपलब्धियों और नाकामियों का ठोस आकलन किया जाएगा, ताकि भविष्य को बेहतर बनाने पर विचार-विमर्श हो सके। लेकिन ये सामान्य दिन नहीं हैं। इसमें संविधान भी सियासी मुद्दा है। पक्ष और विपक्ष में होड़ यह बताने की है कि किसने संविधान की भावना का ज्यादा उल्लंघन किया है। लोकसभा में हुई चर्चा पर यह सियासी होड़ ही हावी रही। संविधान की तारीफ, अनेक संदर्भों में इसके अयथार्थ महिमामंडन की आम होड़ और उन कसौटियों पर दूसरे पक्ष को कमतर दिखाने की प्रवृत्ति से संसदीय बहस उबर नहीं पाई। चर्चा की शुरुआत करते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने ही दिशा तय कर दी, जब उन्होंने इमरजेंसी का विस्तार से उल्लेख किया और कांग्रेस पर इल्जाम लगाया कि उसने हमेशा संविधान के ऊपर सत्ता को तरजीह दी है। इसके बाद प्रधानमंत्री के भाषण तक सारी चर्चा जवाब, आरोप और प्रत्यारोपों में उलझी रही। राहुल गांधी सहित तमाम विपक्षी नेताओं भाजपा पर तीरे दागे और अपने-अपने अंदाज में उसे कठघरे में खड़ा किया। अब जो दिशा लोकसभा में तय हुई है, राज्यसभा की बहस उससे अलग मोड़ लेगी, इसकी आशा कम ही है। साफ है, संविधान पर किसी सार्थक चर्चा की उम्मीद संसद से जोड़ने का कोई फिलहाल आधार नजर नहीं आता। अगर सचमुच भारतीय संविधान के अनुभवों और आज उसके सामने उपस्थित हुई चुनौतियों पर सार्थक बात करनी है, तो यह दायित्व शायद बुद्धिजीवियों और सिविल सोसायटी को ही उठाना होगा। संविधान कोई धर्म ग्रंथ नहीं होता, जिसकी आलोचनात्मक समीक्षा ना की जाए। वह आस्था का दस्तावेज नहीं है। वह वक्त के तकाजों के अनुरूप बना रहे, इसलिए आवश्यक है कि उसके हर पहलू पर हमेशा सारगर्भित चर्चा करते हुए अधिकतम आम सहमति हासिल की जाए। मगर आज ऐसी चर्चाएं सिविल सोसायटी में भी गायब हैं। नतीजतन संविधान को लेकर मिथकों की भरमार हो गई है। संसदीय बहस उन मिथकों में ही उलझी रही।

# 2047 तक विकसित भारत की दृष्टि साकार हो सके

कम-से-कम 1990 के बाद से रिजर्व बैंक की कमान पेशेवर गवर्नरों के हाथ में रही। कई बार सरकारों ने तब भी उसके दायरे में घुसपैठ की, फिर भी मोटे तौर पर रिजर्व बैंक अपनी स्वायत्तता जताने में सफल रहता था। अब ये कहानी बदल गई है।

संजय मल्होत्रा लगातार दूसरे नौकरशाह हैं, जिन्हें भारतीय रिजर्व बैंक का गवर्नर बनाया गया है। उनकी नियुक्ति के एलान के संकेत मिल गया था कि केंद्र सरकार भविष्य में आरबीआई से कैसी भूमिका की अपेक्षा रखती है।

मल्होत्रा ने इस प्रतिष्ठित संस्था का कमान संभालने के तुरंत बाद जो कहा, उससे यह भी जाहिर हो गया है नए गवर्नर किस रूप में अपनी भूमिका देखते हैं।

मल्होत्रा ने कहा- %अब जबकि हम अमृत काल में प्रवेश कर रहे हैं, हमारी अर्थव्यवस्था जिस हाल में है, उसे और विसित होने की जरूरत है, ताकि 2047 तक विकसित भारत की दृष्टि साकार हो सके।' लाजिमी है कि ऐसे वक्तव्य आर्थिक से ज्यादा राजनीतिक रंग लिए दिखें।

सेंट्रल बैंकों (जिसे भारत में रिजर्व बैंक कहा जाता है) की क्या भूमिका होना चाहिए, इस पर सोच अक्सर टकराती रही है।

मजबूत सरकारें अक्सर उसे अपने एक विभाग के रूप में काम करते देखना चाहती हैं, जबकि बाजार और अर्थव्यवस्था में हित रखने वाले अनेक दूसरे तबकों की अपेक्षा यह होती है कि ये संस्था पेशेवर नजरिए से काम करे।

लोकतांत्रिक देशों में सरकारों की अपनी सियासी एवं चुनावी प्राथमिकताएं होती हैं, जो कई बार अर्थव्यवस्था की बड़ी जरूरतों के खिलाफ चली जाती हैं।

उस समय सेंट्रल बैंकों से उम्मीद रहती है कि वे शासक दल की जरूरत के मुताबिक चलने के बजाय अर्थव्यवस्था के बुनियादी तकाजों को प्राथमिकता देंगे।

कम-से-कम 1990 के बाद से भारत में रिजर्व बैंक की कमान पेशेवर गवर्नरों के हाथ में रही और उन्होंने अपेक्षाकृत स्वायत्त ढंग से फैसले लिए।

कई मामलों में सरकारों ने तब भी इस दायरे में घुसपैठ की, फिर भी मोटे तौर पर रिजर्व बैंक अपनी स्वायत्तता जताने में सफल रहता था। इस कारण तब टकराव भी उभरते थे।

मगर नरेंद्र मोदी सरकार के सत्ता में आने और शक्तिकांत दास के गवर्नर बनने के बाद से कहानी बदल गई है। इससे सरकार अपनी मौद्रिक एवं वित्तीय नीतियों को अपनी प्राथमिकताओं के अनुरूप लागू कर पाई है।

अब नए गवर्नर ने जो संकेत दिए हैं, उससे शुरुआती धारणा तो यही बनी है कि यह चलन आगे भी जारी रहेगा।

# एक्सीडेंटल राजनेता, क्रांतिकारी अर्थशास्त्री

**उमेश चतुर्वेदी**

साल 1999 के आम चुनावों में दिल्ली की सात में छह सीटों पर तत्कालीन सत्ताधारी भारतीय जनता पार्टी को करारी हार मिली थी। दक्षिण दिल्ली की इकलौती ऐसी सीट रही, जहां बीजेपी के विजय कुमार मल्होत्रा को जीत मिली थी। मल्होत्रा के सामने जिन्हें हार मिली थी, वे राजनेता मनमोहन सिंह थे। उन दिनों मैं दैनिक भास्कर के दिल्ली ब्यूरो में काम करता था। अखबारी रिपोर्टिंग की एक रवायत है। वह विजेताओं को ही खोजती है और उनकी ही बात करती है। लेकिन हमारे तत्कालीन ब्यूरो चीफऔर दिग्गज पत्रकार शरद द्विवेदी ने मुझे सफदरजंग रोड भेज दिया, जहां मनमोहन सिंह बतौर राज्यसभा सांसद रह रहे थे। शरद द्विवेदी का तर्क था कि मनमोहन सिंह देश की अर्थव्यवस्था को बदलने वाले राजनेता हैं। उनके घर का माहौल देखना चाहिए और उस पर स्टोरी लिखनी चाहिए।

मैं जब मनमोहन सिंह के घर पहुंचा तो वहां करीब साठ-सत्तर कार्यकर्ता मौजूद थे। बंगले में एक तरह से उदासी छायी थी। एक ड्रम में रसना घोल रखी गई थी और आने वाले लोगों को पिलाई जा रही थी। वहां कांग्रेस का कोई बड़ा नेता मौजूद नहीं था, सिवा राजस्थान के रामनिवास मिर्धा के। मिर्धा भी चुपचाप एक कोने में खड़े थे। और तो और, वहां पत्रकार भी नहीं थे। मेरे पहुंचने के बाद बंगले में सिर्फएक और पत्रकार आए। इस बीच साधारण से सफेद कुर्ता-पाजामा और नीली पगड़ी में मनमोहन सिंह मेरी तरफमुखातिब हुए। उन्हें मैंने बतौर पत्रकार परिचय दिया तो उन्होंने कांपते हाथों से हाथ मिलाया और फि उसी तरह तकरीबन कांपते हुए रसना का गिलास मुझे थमा दिया। उस वक्त मैंने बचकाना सा सवाल पूछ लिया था, क्या सोच रहे हैं?

'वैसा ही सोच रहे हैं, जैसा कोई हारा हुआ प्रत्याशी सोचता है।' उनका जवाब था।

मनमोहन सिंह को उसके बाद राज्यसभा और दिल्ली के इंडिया इंटरनेशनल सेंटर में खूब देखा। वे कभी पढ़ते हुए दिखते तो कभी चुपचाप बैठे हुए। 2004 में भारतीय जनता पार्टी के इंडिया शाइनिंग अभियान को धत्ता बताते हुए कांग्रेस की अगुआई में



संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन ने केंद्रीय सत्ता का दावेदार बन गया। तब शायद ही किसी ने सोचा था कि मनमोहन सिंह अगले प्रधानमंत्री बनेंगे। उस वक्त माना यह जा रहा था कि अगर किसी वजह से सोनिया गांधी प्रधानमंत्री नहीं बन पाएंगी तो प्रणब मुखर्जी देश के अगले प्रधानमंत्री हो सकते हैं। लेकिन सोनिया गांधी ने प्रणब मुखर्जी की बजाय मनमोहन सिंह पर भरोसा किया।

1991 में जब नरसिंह राव ने केंद्र की सत्ता संभाली, तब देश भारी आर्थिक संकट से गुजर रहा था। देश की आर्थिक स्थिति इतनी खराब थी कि उसे विदेशी विनिमय के लिए अपना 67 टन सोना ब्रिटेन में गिरवी रखकर उसके एवज में 2.2 अरब डॉलर का कर्ज लेना पड़ा था। ऐसे माहौल में नई सरकार के लिए देश की अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाना बड़ी चुनौती थी। लेकिन नरसिंह राव ने इसे स्वीकार किया। उन्होंने मनमोहन सिंह को वित्त मंत्री बनाया और मनमोहन सिंह ने उदारीकरण के साथ ही आर्थिक सुधारों की शुरुआत की। 1991 के चुनावों के बाद बनी नई सरकार ने 25 जुलाई 1991 को नया बजट पेश किया। उसी बजट को पेश करते हुए बतौर वित्त मंत्री देश को नई आर्थिक राह पर लेकर चल पड़े। उदारीकरण, वैश्वीकरण और आर्थिक सुधार के साथ देश आर्थिक मोर्चों को फ्तह करते हुए आगे बढ़ चला। इस राह पर देश आज कितना आगे बढ़ चुका है, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि आज भारत दुनिया की पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था है। देश का आज आर्थिक नक्शा बदला हुआ नजर आता है तो उसकी बड़ी वजह मनमोहन सिंह की रखी हुई बुनियाद ही है।

मनमोहन सिंह को अर्थशास्त्री प्रधानमंत्री के रूप में ही याद किया जाता है। लेकिन प्रधानमंत्री को राजनेता भी होना चाहिए। मनमोहन आधुनिक और प्रचलित अर्थों में राजनेता नहीं थे। उनके ही मीडिया सलाहकार रहे संजय बारू ने उन्हें एक्सीडेंटल प्रधानमंत्री कहा है। मनमोहन सिंह पर आरोप लगा कि वे कठपुतली प्रधानमंत्री हैं। उनकी सरकार को सलाह देने के लिए सोनिया गांधी की अगुआई में राष्ट्रीय सलाहकार परिषद बनी, जिसके बारे में कहा जाता था कि यह सलाहकार कम, आदेश देने वाली संस्था है। उनकी ही सरकार ने तीन साल की सजा पाने वाले राजनेताओं की संसद और विधानमंडल की सदस्यता खत्म होने को रोकने वाला अध्यादेश पारित किया था, जिसे राहुल गांधी ने फाड़ कर एक तरह से उस अध्यादेश को प्रभावहीन कर दिया था।

मनमोहन सिंह 2004 से 2014 तक, दस साल देश के प्रधानमंत्री रहे। पहले कार्यकाल में तो नहीं, लेकिन 2009 से 2014 के कार्यकाल में उनकी सरकार और उनके मंत्रियों पर भ्रष्टाचार के खूब आरोप लगे। बेशक प्रधानमंत्री के रूप में उनके चरित्र और दामन पर कोई दाग नहीं लगा। लेकिन उनकी चुप्पी देश को खलती रही। इसलिए उन्हें मौनमोहन तक कहा जाने लगा था।

बिल्कुल मामूली परिवार में जन्मे मनमोहन सिंह ने अर्थशास्त्र की ऊंची शिक्षा हासिल की। कैंब्रिज में अर्थशास्त्र की ऊंची शिक्षा ली, दिल्ली के स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स और पंजाब विश्वविद्यालय में अर्थशास्त्र के प्रोफेसर रहे, अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष में अर्थशास्त्री रहे, भारत के रिजर्व बैंक के गवर्नर रहे, योजना आयोग में रहे, वित्त मंत्री रहते हुए इतिहास ही रचा।

वित्तीय खबरों की सदस्यता- मनमोहन सिंह के बतौर प्रधानमंत्री कुछ बयान विवादास्पद भी रहे। उन्होंने कहा था कि देश के संसाधनों पर पहला हक अल्पसंख्यकों का है। उनका एक और बयान था कि पैसे पेड़ पर नहीं फ्लते। ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के एक समारोह में उन्होंने जब कृतज्ञ भाव से अंग्रेजों की ओर से भारत को बड़ी देन अंग्रेजी को बताया था, तब भी उन पर सवाल उठे थे।

मनमोहन सिंह सरलता और सादगी की मिसाल थे। यह सादगी उनकी ताजिंदगी पहचान रही। वे सहज भी रहे। प्रणब मुखर्जी उनके राजनीतिक बॉस रह चुके थे। बाद के दिनों में उनके मंत्रिमंडल में मुखर्जी बतौर वित्त मंत्री शामिल थे। तब भी मनमोहन उन्हें पहले की तरह सर ही कहा करते थे। जिस पर मुखर्जी ने प्रतिवाद किया था और उन्हें सर कहने से रोक दिया था। इसका खुलासा खुद प्रणब मुखर्जी ने अपने एक साक्षात्कार में किया था।


हर व्यक्तित्व के दो पहलू होते हैं। मनमोहन भी इस मानवीय व्यवहार के अपवाद नहीं थे। अब वे हमारे बीच नहीं हैं। लेकिन उनकी सादगी और सरलता तो याद रहेगी, देश के आर्थिक भाग्य को बदलने वाले के रूप में उनकी छाप सदा अमिट रहेगी। भारत इसके लिए उनका शुक्रगुजार ही नहीं, ऋणी भी रहेगा।

# मोदी-शाह राज में सब मुमकिन

**हरिशंकर व्यास**

इस सप्ताह नीतीश कुमार को भारत रत्न देने का कयास सुना तो वही उद्धव ठाकरे ने सावरकर को भारत रत्न देने की मांग की। जबकि सरकार ने सर्वत्र अंबेडकर, अंबेडकर, अंबेडकर का कीर्तन बनाया हुआ है। तो क्यों नहीं मोदी सरकार अपने दिल में बसे डॉ. भीमराव अंबेडकर को दिखाने के लिए इस जनवरी उनके पोते प्रकाश अंबेडकर को भारत रत्न से नवाज देती है? हालांकि कांशीराम, मायावती भी दलितों के आईकॉन हैं! हां, मोदी-शाह राज में सब मुमकिन है। आखिर यथा राजा तथा प्रजा के सत्य में टके सेर भाजी टके सेर खाजा भी तो हम हिंदुओं का इतिहासजन्य अनुभव है।

कुछ भी संभव है! बस, राजा के कान में हेडलाइन' का मंत्र फूंक जाए। सोचें, अंबेडकर शब्द के मंत्र पर! भाजपा जन्म से आज तक कभी भी अंबेडकर के नाम पर, दलित वोटों से नहीं जीती। हमेशा रामजी, हिंदू वोट, हिंदू राजनीति से जीती। नरेंद्र मोदी और अमित शाह को न गुजरात में, न बनारस में कभी थोक दलित वोट मिले और न हाल में महाराष्ट्र, झारखंड के चुनावों में मिले। यह भी सत्य है कि संविधान पर हुई बहस में अमित शाह के कहे में कुछ भी गलत नहीं था।



भविष्य में प्रधानमंत्री बनने का आपका सपना बिखर जाएगा इसलिए, जरूरी है कि कांग्रेस को अंबेडकर विरोधी करार देने के लिए भाजपा पिल पड़े! तभी संसद परिसर मानों आर-पार की लड़ाई का पानीपत हुआ।

सोचें, बैठक खाने में सावरकर, चाणक्य की तस्वीर लगाए अमित शाह की अंबेडकर पर पहले स्पष्टवादिता, फिर रक्षात्मक, आक्रामक होने की इस राजनीति पर! भला राहुल गांधी, खड़गे के मनुस्मृति के जुमले से भाजपा का क्या कोई वोट खराब होता है? अंबेडकर का पोता प्रकाश अंबेडकर दशकों की दलित राजनीति के बावजूद आज भी जीरो है। मायावती जब तक तिलक, तराजू और तलवार इनको मारो जूते चार का नारा लगाती थी तब तक सड़क पर रही और मनुस्मृति के वंशज ब्राह्मणों को हाथी नहीं गणेश का नारा लगा पटाया तो सत्ता में आई! ऐसे ही आरएसएस के लाठीधारियों के लिए, हमेशा पूजनीय यदि सावरकर, हेडगेवार और गोलवलकर थे और उन्हीं की बदौलत अंतत: हिंदू

अमित शाह का कहना था- हमारे संविधान को कभी भी अपरिवर्तनशील नहीं माना गया। समय के साथ साथ देश भी बदलना चाहिए। समय के साथ कानून भी बदलने चाहिए और समय के साथ साथ समाज भी बदलना चाहिए।ञ्अब ये एक फैशन हो गया है। आंबेडकर, आंबेडकर, आंबेडकर, आंबेडकरञ् इतना नाम अगर भगवान का लेते तो सात जन्मों तक स्वर्ग मिल जाता।

भाषण का यह अंश संसद कार्यवाही का हिस्सा है। तब नरेंद्र मोदी और अमित शाह के कान में किसने यह मंत्र फूंका कि राहुल गांधी के इस ट्विट (मनुस्मृति मानने वालों को अंबेडकर जी से तकलीफ़ बेशक होगी ही) से दलित भड़केंगे? और

राजनीति को केंद्र का शासन मिला तो मोदी-शाह को सावरकर के सत्य पर अटल रहना चाहिए था या कांग्रेस पर यह पलट वार करना था कि हम असली अंबेडकरवादी हैं और कांग्रेस ने उन्हें धोखा किया जबकि हमने अंबेडकर को भारत रत्न दिया!

तभी नैरेटिव के अधबीच उद्धव ठाकरे का संघ परिवार को यह थप्पड़ है जो (सावरकर पर राहुल गांधी की टिप्पणी के ताजा संदर्भ में) उन्होंने सावरकर को भारत रत्न देने की मांग की। उन्होंने देश-दुनिया को बताया है कि मोदी राज अंबेडकर, अंबेडकर तो कर रहा है लेकिन जिस हिंदुवाद तथा संघ परिवार की बदौलत मोदी-शाह सत्ता भोग रहे हैं उसके पितामह सावरकर को अभी तक इस मोदी राज ने भारत रत्न क्यों नहीं दिया?

अंबेडकर को दिया और उन्हें नहीं दिया तो यह कथित हिंदुत्व, हिंदू राजनीति की अहसानफरामोशी है या नहीं? जब प्रणब मुखर्जी से कर्पूरी ठाकुर तक तमाम लोगों को भारत रत्न बांट दिए तो आरएसएस के हेडगेवार, गोलवलकर को भी बांट देते? ये क्या अंबेडकर, अंबेडकर कर उनसे अपनी वफादारी दिखा रहे हैं? वही यदि अपने सावरकर, हेडगेवार, गोलवलकर का ही नाम ले लिया होता तो कम से कम अपने वंश, अपनी विचारधारा के तो सगे कहलाते!

# बेहद संवेदनशील संदेश देती है गर्ल्स विल बी गर्ल्स

**पंकज दुबे**

किशोरवय के बच्चों की ज़िंदगी में इंफ़ेच्युएशन' और लव' के बीच के फ़र्क को समझने और उसे मैच्युरिटी से संभालने की दिशा में अपने इकोसिस्टम से सीखते समझते किरदारों की कहानी पर आधारित है गर्ल्स विल बी गर्ल्स । यह एक एक बेहद संवेदनशील और प्रभावशाली फ़िल्म है, जो मां-बेटी के जटिल और गहराई से भरे रिश्ते पर आधारित है।

हिंदुस्तानी समाज में सेक्स शब्द किसी टैबू से कम नहीं है। इस शब्द के किसी पब्लिक प्लेस या फिर घर की गैदरिंग में भी उच्चारण मात्र से ऐसा लगता है जैसे कोई बम फट जाता हो। ज़्यादातर लोग सेक्स के बारे में दबी ज़ुबान से फुसफुसाते भर हैं, वो भी क्लोज़्ड सर्कल में। ज़ाहिर है सेक्स एजुकेशन को लेकर कोई विचार विमर्श भी ठीक तरह से नहीं हो पाता है क्योंकि उसमें भी सेक्स शब्द विद्यमान है।

हमलोग ऐसे समाज में हैं जहां केमिस्ट के पास कंडोम या सैनिटरी पैड्स ख़रीद कर लेने पर उसे पुराने अख़बार या काली पॉलीथिन में छुपा कर, पैक करके देने की संस्कृति है। दिलचस्प है कि एक ही समय काल में, एक ही देश के अलग अलग हिस्सों में, समाज की अलग अलग परतें, वैल्यूज़, सोच, समझ वाले लोग एक साथ भी बसते हैं। बहरहाल, मौजूदा दौर के हिंदुस्तानी टीन एजर्स लड़के-लड़कियों ही नहीं, बल्कि बच्चों से भी उनके पेरेंट्स को सेक्स और सेक्स एजुकेशन को लेकर खुल कर बातचीत और विचार विमर्श की ज़रूरत है।

जब तक सेक्स और सेक्स एजुकेशन को एक गुप्त मुद्दा मानने की बजाय उसे जीवन शैली का हिस्सा बना कर उसका सामान्यीकरण नहीं होगा तब तक बच्चे और किशोर अपनी जिज्ञासाएं पूरी करने के लिए, मन में उठते अपने सवालों के जवाब के लिए इंटरनेट का सहारा लेंगे। हमें अच्छी तरह मालूम है कि इंटरनेट पर सूचनाओं की प्रामाणिकता कितनी संदिग्ध है। इंटरनेट से बच्चों को अधकचरा ज्ञान ही मिलता रहेगा और सूचना का ऑनलाइन समुद्र उनके मन का अंधेरा मिटाने की बजाए और घना करता जाएगा।

किशोरवय के बच्चों की ज़िंदगी में इंफ़ेच्युएशन' और लव' के बीच के फ़र्क को समझने और उसे मैच्युरिटी से संभालने की दिशा में अपने इकोसिस्टम से सीखते समझते किरदारों की कहानी पर आधारित है गर्ल्स विल बी गर्ल्स । यह एक एक बेहद संवेदनशील और प्रभावशाली फ़िल्म है, जो मां-बेटी के जटिल और गहराई से भरे रिश्ते पर आधारित है।

गर्ल्स विल बी गर्ल्स' शुचि तलाटी के निर्देशन में बनी है, जो उनके करियर की पहली फीचर फिल्म है। इंडो-फ्रेंच प्रोडक्शन के तहत सार्थक कलाकार रिचा चड्ढा और अली फज़ल अब निर्माता के रूप में भी दस्तक दे चुके हैं। यह फ़िल्म उनके प्रोडक्शन हाउस पुश बटन स्टूडियोज़ की तरफ़ से पहली प्रस्तुति है, जो इस बात का संकेत देती है कि एक्टर्स-प्रोड्यूसर्स और अब लाइफ पार्टनर्स की ये रचनात्मक जोड़ी साहसी और अर्थपूर्ण कहानियों में जान फूंक कर उन्हें रुपहले पर्दे पर ला सकने के सफ़र में अपना प्रोफ़ेशनल योगदान देने के लिए तैयार है। गर्ल्स विल बी गर्ल्स' का वर्ल्ड प्रीमियर इसी वर्ष सनडांस में हुआ था। उसके बाद इस फ़िल्म को कई अन्य अंतरराष्ट्रीय सम्मान मिले। इस फ़िल्म ने बतौर निर्माता इन दोनों के लिए कामयाबी का देसी झंडा भी तब गाड़ दिया जब इसे मुंबई के मामी फ़िल्म फेस्टिवल में चार अवॉर्ड मिल गए। फ़िल्म की कहानी 1990 के दशक के भारत में सेट की गई है, जहां एक किशोर लड़की और उसकी मां के बीच के जटिल संबंधों की पड़ताल की गई है। फ़िल्म भारतीय परिवेश के पारंपरिक सामाजिक ढांचे और उसमें मौजूद पितृसत्तात्मक सोच को चुनौती देती है। यह मां और बेटी के व्यक्तिगत और आपसी संघर्षों के माध्यम से सेक्स एजुकेशन, किशोरावस्था की जिज्ञासा, और प्यार और आकर्षण के बीच के अंतर जैसे मुद्दों पर चर्चा करती है।

शुचि तलाटी ने बेहद सरल लेकिन प्रभावशाली तरीके से कहानी को बुना है। 90 के दशक के भारतीय जीवन का चित्रण बहुत ही प्रामाणिक और वास्तविक है। संवाद और किरदार बेहद सजीव और पहचानने योग्य लगते हैं। मां-बेटी के बीच के पल कभी आपको हंसाएंगे तो कभी भावुक कर देंगे। फ़िल्म का एक प्रमुख पहलू यह है कि यह किशोरावस्था में सेक्स एजुकेशन के महत्व को उजागर करती है। इसमें दिखाया गया है कि किस तरह एक पीढ़ी की गलतफहमियां और संकोच, अगली पीढ़ी के लिए भ्रम पैदा कर सकती हैं। मां के किरदार में कलाकार (कनी कुसरुति) ने बेहद मजबूत और भावनात्मक परफॉर्मेंस दी है। बेटी की भूमिका में एक उभरते हुए कलाकार, प्रीति पाणिग्रही ने किशोरावस्था की मासूमियत और विद्रोही स्वभाव को बखूबी निभाया है। दोनों के बीच का समीकरण फ़िल्म की आत्मा है। इन दोनों के अलावा केशव बिनॉय खेर ने बॉयफ्रेंड के किरदार में अपनी भूमिका बहुत बेहतर ढंग से निभाई है। नवोदित लेखक-निर्देशक शुचि तलाटी की स्टोरीटेलिंग में सादगी, सरलता है और इम्पैक्ट सबका बेहद संतुलित पुट है। उन्होंने एक ऐसी कहानी चुनी है, जो जानी-पहचानी तो लगती है लेकिन उसमें ताजगी और नई सोच है। उनका लेखन इस बात पर ज़ोर देता है कि हमें अपने समाज में सेक्स एजुकेशन और भावनात्मक जागरूकता को किस तरह और कितना महत्व देना चाहिए।

फ़िल्म के सेट और प्रोडक्शन डिज़ाइन में 90 के दशक की झलक साफ़ दिखाई देती है। बैकग्राउंड म्यूज़िक कहानी की नैरेटिव को रोकने की बजाए बेहतर ढंग से उभारता है। सिनेमैटोग्राफ़ी में सादगी है, जो कहानी के गहरे भावनात्मक पहलुओं को उभारने में मदद करती है। कुल मिलाकर इस फ़िल्म में कथ्य और शिल्प दोनों का संतुलित सामंजस्य है ।

गर्ल्स विल बी गर्ल्स सिर्फ मां-बेटी की कहानी नहीं है, बल्कि यह समाज को आईना दिखाने वाली फ़िल्म है। यह फ़िल्म न केवल एक पीढ़ी की संवेदनाओं और दूसरी पीढ़ी की जिज्ञासाओं के बीच के अंतर को दिखाती है, बल्कि यह भी बताती है कि समझ और संवाद के जरिए इन दूरियों को कैसे मिटाया जा सकता है। भारतीय समाज की तरह ही हिंदी फ़िल्म उद्योग भी सेक्स एजुकेशन से जुड़े विषयों पर सकारात्मक फ़िल्म बनाते रहने से कतराता रहा है, जिसकी एक बड़ी वजह बाज़ार का दबाव माना जा सकता है। बावजूद इसके पिछले साल इस दिशा में एक अहम क़दम उठता तब दिखा जब दर्शकों को ओह माय गॉड-2' देखने को मिली, जिसमें सेक्स एजुकेशन को कहानी का प्रमुख मुद्दा बनाया गया था। इस फ़िल्म के लेखक-निर्देशक अमित राय थे और इसमें अक्षय कुमार और पंकज त्रिपाठी ने अहम भूमिका निभाई थी। इस फ़िल्म ने यह बखूबी साबित किया था गंभीर मुद्दों पर भी मनोरंजक फ़िल्में बनाई जा सकती हैं, जिसका क़ारोबार भी उत्साहवर्धक हो।

# सर्दियों में इन तरीकों से लगाएं बादाम का तेल

सर्दियां आते ही कई तरह की स्किन संबंधी समस्याएं होने लगती हैं। सर्द हवा के कारण त्वचा की नमी खो जाती है, जिससे त्वचा रूखी हो जाती है। सर्दियों में ड्राई स्किन के अलावा भी कई अन्य त्वचा संबंधी समस्याऐं बढ़ जाती है। इस मौसम में स्किन डल और बेजान नजर आने लगती है। ऐसे में आप सर्दियों में होने वाली परेशानियों से बचने के लिए बादाम के तेल का इस्तेमाल कर सकते हैं। बादाम का तेल स्किन और बालों के लिए बहुत फायदेमंद होता है। इसमें विटामिन ई भरपूर मात्रा में होता है, जो स्किन को अंदर तक पोषण देता है। बादाम के तेल को चेहरे पर लगाने से कई लाभ मिलते हैं। कई लोग बादाम के तेल से चेहरे और शरीर की मालिश करते हैं। लेकिन, इसके अलावा भी आप बादाम के तेल का इस्तेमाल कई तरीकों से कर सकते हैं।



## मॉइस्चराइजर

आप सर्दियों में बादाम के तेल का इस्तेमाल मॉइस्चराइजर के रूप में कर सकते हैं। बादाम के तेल में भरपूर मात्रा में विटामिन ई होता है, जो स्किन को नमी प्रदान करता है। अगर आपकी स्किन ड्राई है, तो आप बादाम के तेल को मॉइश्चराइजर के रूप में चेहरे पर लगा सकते हैं। इसके लिए आप चेहरा धोने के बाद दो-तीन बूंदें बादाम के तेल की चेहरे पर लगा सकते हैं। आप चाहें तो मॉइस्चराइजर में बादाम के तेल की कुछ बूंदें मिक्स करके भी लगा सकते हैं। लेकिन चेहरे पर 2-3 बूंद से ज्यादा बादाम का तेल न लगाएं, इससे स्किन ऑयली नजर आ सकती है।

## मसाज

अधिकतर लोग सर्दियों में चेहरे की मसाज करने के लिए क्रीम का इस्तेमाल करते हैं। लेकिन, बाजार में मिलने वाली क्रीम के कारण चेहरे पर धूल चिपकने लगती है और चेहरा चिपचिपा नजर आने लगता है। ऐसे में, आप बादाम के तेल से चेहरे की मसाज कर सकते हैं। इसके लिए आप रात को सोने से पहले चेहरे को धो लें। इसके बाद, बादाम के तेल की दो-तीन बूंदें हाथ पर लेकर, हल्के हाथों से चेहरे की मालिश करें। इसे रातभर के लिए ऐसे ही लगा रहने दें। बादाम के तेल से चेहरे की मसाज करने से स्किन में ब्लड सर्कुलेशन बढ़ेगा और चेहरा निखरा हुआ नजर आएगा।

## फेस मास्क

आप बादाम के तेल का इस्तेमाल फेस मास्क के रूप में भी कर सकते हैं। इसके लिए एक कटोरी में बादाम के तेल की तीन-चाद बूंदे लें। इसमें एक चम्मच बेसन, एक चुटकी हल्दी और आधा छोटा चम्मच शहद डालें। इस पेस्ट को अपने चेहरे पर लगाएं। 15-20 मिनट बाद चेहरे को पानी से धो लें। इससे आपकी स्किन को नमी मिलेगी और चेहरे के दाग-धब्बे भी दूर होंगे।

## मेकअप रिमूवर

**सर्दियों में दिनभर मेकअप लगाने से त्वचा ड्राई और डल नजर आने लगती है। ज्यादातर लोग मेकअप रिमूव करने के लिए बाजार में मिलने वाले मेकअप रिमूवर का इस्तेमाल करते हैं। लेकिन, इसमें मौजूद केमिकल से आपकी त्वचा पर ड्राईनेस और लालिमा की समस्या बढ़ सकती है। आप चाहें तो बादाम के तेल का इस्तेमाल मेकअप रिमूवर के रूप में भी कर सकते हैं। मेकअप रिमूव करने के लिए आप बादाम के तेल का इस्तेमाल कर सकते हैं। बादाम का तेल मेकअप रिमूव करने के साथ-साथ स्किन को मॉइस्चराइज भी करेगा।**

## बादाम का तेल के साथ नीम का तेल

अगर सर्दियों में आपके चेहरे पर पिंपल्स की समस्या हो जाती है तो आप बादाम के तेल को नीम के तेल के साथ मिक्स करके चेहरे पर लगा सकते हैं। इसके लिए दो-तीन बूंदें बादाम के तेल की लें। इसमें दो-तीन बूंदें नीम के तेल की मिलाएं। इसे अपने चेहरे पर लगाकर हल्की मसाज करें। करीब 30 मिनट बाद चेहरे को धो लें। नीम के तेल में एंटी-बैक्टीरियल गुण होते हैं, जो चेहरे पर बैक्टीरिया को पनपने से रोकते हैं। इससे आपकी त्वचा का रूखापन दूर होगा और पिंपल्स की समस्या से भी छुटकारा मिलेगा।

# सर्दियों में तिल का तेल खाने से मिलते हैं ये अनोखे फायदे...



**सर्दियों के मौसम में तिल खाने के कई फायदे मिलते हैं। इस मौसम में तिल के तेल का सेवन बहुत फायदेमंद माना जाता है। तिल का तेल सर्दी के मौसम में ही सबसे ज्यादा खाया जाता है। आयुर्वेद के मुताबिक तिल के तेल के सेवन का सबसे सही समय सर्दियों का मौसम है। इस मौसम में तिल का तेल खाने से कई समस्याओं में भी फायदा मिलता है। पुराने जमाने से ही तिल के तेल का सेवन सर्दियों के समय किया जाता रहा है। सरियों के समय शरीर को ठंड से बचाने के लिए भी इसका सेवन बहुत फायदेमंद होता है। तिल के तेल में प्रोटीन, विटामिन डी, विटामिन ई और फॉस्फोरस जैसे पोषक तत्व पर्याप्त मात्रा में होते हैं। इसका सेवन करने से सांस और फेफड़ों से जुड़ी बीमारियों में भी बहुत आराम मिलता है। सर्दी के मौसम में तिल का तेल खाने से आपका शरीर ठंड की चपेट में नहीं आता है और इसके सेवन से आपके शरीर में वात और कफ नियंत्रित रहते हैं। इसके तेल में विटामिन और मिनरल्स की प्रचुर मात्रा होती है।**

### हड्डियों के लिए फायदेमंद

सर्दियों में तिल का तेल खाने से आपकी हड्डियां मजबूत रहती हैं और ऑस्टियोपोरोसिस जैसी गंभीर बीमारियों का खतरा कम होता है। इसमें मौजूद आयरन और कैल्शियम की पर्याप्त मात्रा हड्डियों को मजबूत करने का काम करती है और जोड़ों की सूजन या गठिया की समस्या में भी बहुत फायदेमंद होता है।

### हार्ट के लिए फायदेमंद

तिल का तेल खाने से हार्ट से जुड़ी बीमारियों का जोखिम कम होता है। इसमें मौजूद एंटी-ऑक्सीडेंट और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण हार्ट को हेल्दी रखने का काम करते हैं। इसका सेवन करने से शरीर में गुड कोलेस्ट्रॉल की मात्रा ठीक होती है।

### शरीर को ठंड से बचाए

तिल के तेल की तासीर गर्म होती है इसीलिए इसका सेवन सर्दियों में करने की सलाह दी जाती है। सर्दी के मौसम में तिल का तेल खाने से आपका शरीर गर्म रहता है और ठंड से बचाव होता है। सर्दियों के मौसम में आप इसे डाइट में जरूर शामिल करें।

### ब्लड प्रेशर करे कंट्रोल

सर्दियों में तिल के तेल का सेवन करने से ब्लड प्रेशर कंट्रोल करने में बहुत फायदा मिलता है। तिल के तेल में मैग्नीशियम की मात्रा होती है जो हाई ब्लड प्रेशर को कम करने के लिए बहुत फायदेमंद माना जाता है। आप इसका सेवन सब्जियां बनाने में या कोई दूसरी डिश बनाने में आसानी से कर सकते हैं।

### ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस में फायदेमंद

सर्दी के मौसम में तिल के तेल का सेवन करने से ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस की समस्या में बहुत फायदा मिलता है। तिल के तेल में मौजूद एंटी-ऑक्सीडेंट गुण स्ट्रेस और तनाव में बहुत उपयोगी होते है। इसके अलावा तिल के तेल में मौजूद गामा-टेकोफॉरल (एक प्रकार का विटामिन ई) स्किन के लिए भी बेहद फायदेमंद माना जाता है।

# एक्जिमा का रामबाण इलाज है नीम का तेल





**एक्जिमा एक त्वचा रोग है, जिसमें त्वचा पर लालिमा और लाल रंग के धब्बे नजर आते हैं। एक्जिमा होने पर शरीर में काफी ज्यादा खुजली होने लगती है। एक्जिमा के कारण त्वचा फट जाती है और त्वचा पर सफेद दरारें भी पड़ने लगती हैं। एक्जिमा रोग मुख्य रूप से पीठ, पेट, हाथ, मुंह, कान के पास होता है। कई बार लोग इसे मामूली खुजली समझकर नजरअंदाज कर देते हैं, जिससे ये धीरे-धीरे फैलने लगता है। एक्जिमा की समस्या का जल्द उपचार न करने पर त्वचा बुरी तरह प्रभावित हो सकती है। आमतौर पर एक्जिमा के इलाज के लोग दवाओं का सहारा लेते हैं। लेकिन, आप प्राकृतिक तरीकों से भी एक्जिमा का उपचार कर सकते हैं। एक्जिमा के इलाज के लिए नीम का तेल बहुत फायदेमंद माना जाता है। नीम का तेल कई औषधीय गुणों से भरपूर होता है। इसमें एंटी-बैक्टीरियल और एंटी-एलर्जिक होते हैं, जो त्वचा की खुजली और संक्रमण को ठीक करते हैं। इसमें मौजूद एंटी-इनफ्लेमेटरी गुण सूजन और जलन दूर करते हैं। नीम के तेल के प्रयोग से एक्जिमा से प्रभावित त्वचा को राहत मिलती है। अब सवाल यह उठता है कि एक्जिमा से राहत पाने के लिए नीम का तेल कैसे प्रयोग करें?**

### नहाने के पानी में नीम का तेल मिक्स करें :

नहाने के पानी में नीम के तेल की दो-चार बूंदें मिलाकर स्नान करें। ये एक्जिमा के लक्षणों से राहत पाने का सबसे आसान तरीका है। इससे संक्रमण दूर होगा और त्वचा को जरूरी पोषण भी मिलेगा। इससे आपकी त्वचा साफ और सॉफ्ट बनेगी।

### नीम का तेल और हल्दी

नीम के तेल में हल्दी मिलाकर लगाने से एक्जिमा के लक्षणों से राहत मिल सकती है। हल्दी और नीम में एंटी-बैक्टीरियल, एंटी-इंफ्लेमेटरी और एंटीसेप्टिक गुण मौजूद होते हैं। हल्दी और नीम के तेल का मिश्रण लगाने से त्वचा की खुजली, चकतों और जलन से राहत मिलती है। इसके लिए नीम के तेल में थोड़ी सी पिसी हल्दी और थोड़ा सा कच्चा शहद मिलाकर पेस्ट बना लें। अब इस पेस्ट को प्रभावित जगह पर लगाएं। लगभग 20 मिनट बाद इसे पानी से धो लें। इसके नियमित इस्तेमाल से एक्जिमा की समस्या में काफी लाभ होगा।

### नीम और ग्रेपसीड ऑयल

एक्जिमा से राहत पाने के लिए आप नीम के तेल को ग्रेपसीड ऑयल यानी अंगूर के बीज के तेल के साथ मिलाकर लगा सकते हैं। नीम का तेल और ग्रेपसीड ऑयल में कई औषधीय गुण मौजूद होते हैं। त्वचा पर इसका मिश्रण लगाने से स्किन की समस्याएं दूर होती हैं। ग्रेपसीड ऑयल में विटामिन-ई, एंटी-ऑक्सीडेंट और बीटा-कैरोटीन होता है, जो त्वचा की खुजली और रूखेपन को कम करता है। इसके लिए नीम के तेल और ग्रेपसीड ऑयल को बराबर मात्रा में मिलाएं। इस मिश्रण को प्रभावित जगह पर लगाकर रातभर के लिए छोड़ दें। इसके नियमित इस्तेमाल से एक्जिमा की समस्या में जल्द ही लाभ होगा।

### नीम और नारियल का तेल

एक्जिमा से राहत पाने के लिए आप नीम के तेल को नारियल के तेल में मिक्स करके लगा सकते है। नीम का तेल और नारियल तेल, दोनों ही त्वचा के लिए बहुत फायदेमंद होते हैं। इसमें एंटी-फंगल, एंटी-बैक्टीरियल और एंटी इन्फलेमेंटरी गुण होते हैं। नीम के तेल में नारियल का तेल मिलाकर लगाने से त्वचा की जलन और सूजन से जल्द राहत मिलती है। इसके नियमित इस्तेमाल से त्वचा साफ और मुलायम बनती है।

# पतली-दुबली लड़कियां ऐसे बढ़ाएं वजन, मसल्स और हड्डियों में आएगी मजबूती

**अक्सर माना जाता है कि लड़कियां वजन कम करने को लेकर परेशानी रहती है लेकिन सच्चाई ये है कि कई लड़कियां अपने कम वजन को लेकर भी बहुत परेशान रहती है। कम वजन के कारण कई बार वे अपने पसंदीदा कपड़े नहीं पहन पाती है। साथ ही उनमें आत्मविश्वास की कमी भी देखने को मिलती है, जिसकी वजह से वह दूसरों से बात करने में भी झिझकती हैं। वजन बढ़ाने के लिए लड़कियां अधिक खाना या वसा से भरपूर खाना खाने की कोशिश करती है। ताकि तेजी से उनका वजन बढ़े लेकिन इससे आपकी मुसीबतें और बढ़ सकती है। क्योंकि केवल सही डाइट लेने से या डाइट में फैट की मात्रा बढ़ाने में आपका वजन तो बढ़ सकता है लेकिन शरीर सुडौल नजर नहीं आता है। बल्कि ऐसे भोजन में आपका पेट निकल सकता है और हाथ-पैर के मसल्स बढ़ सकते हैं। लेकिन अगर आप स्वस्थ रूप से वजन बढ़ना चाहती है, तो आपको सही डाइट के साथ एक्सरसाइज भी करने की जरूरत होती है। ताकि आपका शरीर सुडौल दिखाई दे।**

**प्रोटीन और कार्ब्स को शामिल करें**-कई बार हम वजन बढ़ाने की कोशिश में सही डाइट को फॉलो नहीं करते है लेकिन पतली लड़कियों को वजन बढ़ने के लिए अपने आहार में प्रोटीन और कार्ब्स की मात्रा शामिल करनी चाहिए। प्रोटीन के लिए आप दूध, अंडे, सोयाबीन और चिकन आदि का सेवन कर सकते हैं। मसल्स गेन करने के लिए आप विटामिन बी12 से भरपूर खाद्य पदार्थ जैसे मटन, लीन मीट, पोल्ट्री, बीज, फलियां और नट्स को भोजन में शामिल कर सकते हैं।

**हेल्दी शेक और स्मूदी पिएं**-हाई कैलोरी स्मूदी और हेल्दी ड्रिंक्स की मदद से पतली लड़कियां अपना वजन बढ़ा सकती है। ये न केवल आपका स्वस्थ रूप से वजन बढ़ाने में मदद करता है बल्कि शरीर को भरपूर पोषण भी प्रदान करता है। स्ट्रॉबेरी एवोकैडो स्मूदी और स्ट्रॉबेरी केला पीनट बटर स्मूदी कुछ उच्च कैलोरी वाली स्मूदी, जिनका सेवन आपके लिए फायदेमंद हो सकता है।

**खाना पकाने के लिए स्वस्थ तेल का चुनाव**-शरीर में प्रोसेस्ड तेल की मात्रा काफी नुकसान पहुंचा सकती है। वजन बढ़ाने के लिए लड़कियां स्वस्थ तेलों का चुनाव कर सकती है। आप चाहे तो ऑलिव ऑयल, नारियल तेल और एवोकाडो तेल का इस्तेमाल भी कर सकते हैं। इससे शरीर को भी काफी पोषण मिलता है।

**व्यायाम करें**-वजन बढ़ाने के लिए केवल अच्छा आहार लेना ही महत्वपूर्ण नहीं है बल्कि नियमित व्यायाम करना भी अहम होता है। यह अतिरिक्त कैलोरी की मदद से मांसपेशियों को बढ़ाने में मदद करता है। इससे शरीर टोंड होता है और आप आत्मविश्वास से भरे नजर आते हैं।

**अधिक मात्रा में तरल पदार्थ का सेवन**-वजन बढ़ाने के लिए आपको उचित मात्रा में तरल पदार्थ का सेवन भी करना चाहिए। इससे शरीर में भोजन का पाचन उचित ढंग से होता है। तरल पदार्थ में आप फलों के रस, मिल्कशेक, सोया दूध जैसे गैर-कैफीनयुक्त पेय पदार्थों का इस्तेमाल कर सकते हैं। इन पेय पदार्थों में पोषण के साथ-साथ उच्च मात्रा में कैलोरी होती है, जो स्वस्थ रूप से वजन बढ़ाने में मदद करती है।

# सर्दियों में हेल्दी रहने के लिए खाएं ये सुपरफूड्स

सर्दियां शुरू होते ही कई तरह की स्वास्थ्य समस्याएं होने लगती है। इस मौसम में शरीर को खास देखभाल की जरूरत होती है। सर्दियों में शरीर की इम्यूनिटी कमजोर हो जाती है, जिसके कारण बीमारियों का खतरा अधिक बढ़ जाता है। इस मौसम में अकसर लोगों को खांसी-जुकाम, बुखार, दर्द और कब्ज जैसी समस्याएं होने लगती हैं। सर्दियों में होने वाली समस्याओं से बचने के लिए बॉडी की इम्यूनिटी का मजबूत होना जरूरी है। इम्यूनिटी को बूस्ट करने के लिए पर्याप्त पोषण लेने की सलाह दी जाती है। अधिकतर लोगों के मन में सवाल होता है कि सर्दियों में फिट और हेल्दी रहने के लिए क्या खाना चाहिए?

### लहसुन



खाने में लहसुन का इस्तेमाल स्वाद बढ़ाने के लिए किया जाता है। लेकिन, यह हमारी सेहत के लिए भी बहुत फायदेमंद होता है। रुजुता के अनुसार, सर्दियों में आपको हरे लहसुन का सेवन जरूर करना चाहिए। आप सर्दियों में लहसुन की सब्जी, सूप, चटनी या अचार भी खा सकते हैं। इसमें एंटीऑक्सीडेंट भरपूर मात्रा में होता है, जो शरीर की इम्यूनिटी बढ़ाता है। लहसुन खाने से सर्दियों में इंफेक्शन से बचाव होता है। इसके साथ ही, यह ब्लड प्रेशर कंट्रोल करने में भी मददगार होता है। लहसुन का सेवन करने से कोलेस्ट्रॉल के स्तर को नियंत्रित करने में भी मदद मिलती है। इसमें एसिलिन नामक तत्व पाया जाता है, जो बालों की ग्रोथ बढ़ाने और डैंड्रफ जैसी सम्याओं को दूर करने में मदद करता है। आप सर्दियों में हेल्दी रहने के लिए हरे लहसुन का सेवन कर सकते हैं।

### शलगम



सर्दियों के मौसम में बाजारों में तरह-तरह की सब्जियां मिलने लगती हैं। सर्दियों में शलगम का सेवन करना बहुत फायदेमंद होता है। इसमें फाइबर भरपूर मात्रा में होता है, जो कब्ज की शिकायत को दूर करने में मदद करता है। इसके अलावा, इसमें विटामिन सी, विटामिन के, बीटा कैरोटिन और पोटैशियम जैसे पोषक तत्व होते हैं, जो सेहत के लिए लाभकारी होते हैं। आप सर्दियों में शलगम की सब्जी या अचार बनाकर खा सकते हैं। इससे आपके शरीर को पोषण मिलेगा और आप हेल्दी महसूस करेंगे।

### गोंद



सर्दियां आते ही घरों में गोंद के लड्डू बनने लगते हैं। प्रेगनेंट महिलाओं और नई मां को भी गोंद के लड्डू खाने के लिए दिए जाते हैं। गोंद के लड्डू ना सिर्फ खाने में स्वादिष्ट होते हैं, बल्कि हमारी सेहत के लिए भी बहुत फायदेमंद होते हैं। आप गोंद का इस्तेमाल हलवा बनाने के लिए भी कर सकते हैं। गोंद में प्रोटीन की अच्छी मात्रा होती है, जिससे शरीर को एनर्जी मिलती है। इसमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंट, सर्दियों में शरीर में गर्माहट पैदा करते हैं। सर्दियों में गोंद का सेवन करने से जोड़ों के दर्द से भी राहत मिलती है। इसके अलावा, यह सर्दियों में मेटाबॉलिज्म को तेज करने में भी मदद करता है। गोंद एक लैक्सटेसिव की तरह काम करता है, जिससे बॉवेल मूवमेंट में सुधार होता है और कब्ज की समस्या दूर होती है। आप सर्दियों में फिट और हेल्दी रहने के लिए अपनी डाइट में गोंद को शामिल कर सकते हैं।

# वजन घटाने के लिए रोज सुबह करें कुंभकासन



मोटापे की समस्या किसी भी व्यक्ति को तब होती है, जब उसके शरीर में अतिरिक्त वसा यानी फैट का जमाव हो जाता है। खराब जीवनशैली और गलत खान-पान की आदत शरीर में फैट जमने के मुख्य कारण माने जाते हैं। ऐसे में मोटापे को कम करने के लिए अधिकतर लोग वेट लॉस डाइट प्लान फॉलो करते हैं, लेकिन इसके लिए शारीरिक रूप से सक्रिय रहना भी जरूरी होता है। डाइट के साथ ही फिजिकल एक्टिविटी करने से आप अपना वजन आसानी से घटा सकते हैं। आज हम आपको एक ऐसे योगासन के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसके नियमित अभ्यास से आपको वजन घटाने में मदद मिलेगी। हम बात कर रहे हैं कुंभकासन की। इस आसन को करने से तनाव कम होता है, आप शारीरिक रूप से सक्रिय रहते हैं और धीरे-धीरे वजन भी कम होने लगता है।

**वजन घटाने में फायदेमंद :** कुंभकासन करने से आपका वजन कम हो सकता है क्योंकि इसे करते समय आपके शरीर की सभी मांसपेशियां काम करती हैं, जिससे आपका फैट बर्न होता है। साथ ही इससे आपके कोर को मजबूती मिलती है और कोर के आसपास की मांसपेशियों में वसा का जमाव कम होता है।

**बाजुओं को मजबूत करे :** बेली फैट घटाने के साथ-साथ कुंभकासन का नियमित अभ्यास कर सकते हैं। इससे आपका ब्लड सर्कुलेशन बेहतर होता है। इससे आपके कंधे चौड़े और मजबूत बनते हैं।

**रीढ़ की हड्डी मजबूत बनाए :** कुंभकासन को रोजाना करने से आपके रीढ़ की हड्डी को मजबूती मिलती है। इससे आपकी पूरी बॉडी फ्लेक्सिबल बनती है, जिससे आपके शरीर का विकास होता है। साथ ही इससे आपके बॉडी पोश्चर में सुधार आता है।

**कमर दर्द ठीक करे :** इस योगासन को करने से आपके कमर दर्द की समस्या ठीक होती है और कमर के नीचे की मांसपेशियों को आराम मिलता है। साथ ही इससे आपकी बैलेंसिंग पावर बढ़ती है। इस आसन को आप अपनी क्षमतानुसार करें।

**कुंभकासन करने का तरीका :** इस योगासन को करने के लिए आप सबसे पहले मैट बिछाएं। फिर इस मैट पर पेट के बल लेट जाएं। इस आसन को करते समय आपका शरीर सीधा रहेगा। अब अपने शरीर को प्लैंक पोजीशन की मुद्रा में लाएं। आपके दोनों हाथ कंधे के सामने रहेंगे और आपके पंजे जमीन पर रहेंगे। फिर अपने कोर को टाइट करके आप शरीर को ऊपर हवा में उठाने की कोशिश करें। जैसा आप फोटो में देख पा रहे हैं। इसे करते समय आपकी कमर और गर्दन को बिल्कुल सीधा रखें। आप कुछ देर इसी अवस्था में बने रहें। फिर सामान्य अवस्था में आ जाएं।

**सावधानियां :** इस आसन को करते समय अपनी रीढ़ को सीधा रखें, ऐसा न करने पर आपकी रीढ़ में समस्या हो सकती है। गर्भवती महिलाएं इस आसन को न करें। इससे होने वाले बच्चे को खतरा हो सकता है। घुटनों, टखनों या कोहनियों में दर्द होने पर तुरंत इस आसन को करना छोड़ें। ब्लड प्रेशर की समस्या होने पर आप डॉक्टर से सलाह लें।

## संक्षिप्त समाचार

### पाटन सीएमओ सौरभ बाजपेई कुम्हारी पालिका में संभालेंगे कमान, उनके जगह हेमंत वर्मा होंगे पाटन के नए सीएमओ



**पाटन।** नगर पंचायत पाटन के सीएमओ सौरभ बाजपेई का स्थानांतरण नगर पालिका परिषद कुम्हारी हो गया है । वह अब कुम्हारी में कमान संभालेंगे। उनके स्थान पर नगर पंचायत पाटन के नए सीएमओ के रूप में गंडई के सीएमओ हेमंत वर्मा को भेजा गया है। संभवत सोमवार को सीएमओ सौरभ बाजपेई यहां से रिलीव हो जाएंगे और नए सीएमओ हेमंत वर्मा यहां पर अपना पदभार ग्रहण कर लेंगे। बता दे की सौरभ बाजपेई के द्वारा सीएमओ रहते हुए काफी उल्लेखनीय कार्य किया गया है। उन्होंने नगर पंचायत की स्वच्छता को बनाए रखने के लिए खुद मैदानी स्तर पर जा करके सफाई व्यवस्था का जायजा प्रतिदिन सुबह लेते थे। इसके अलावा एक कुशल नेतृत्व कर्ता आधिकारिक रूप में भी श्री वाजपेई को देखा गया है। उनके स्थान पर आने वाले नए मुख्य कार्यपालन अधिकारी हेमंत वर्मा को भी काफी सरल एवं मृदुभाषी जाने जाते हैं वह भी अपने कार्य के प्रति काफी निष्ठा और लगन दिखाते हैं ।

### गुरु घासीदास जी समाज को समानता, भाईचारे और सामाजिक समरसता की दिशा में प्रेरित करता है सोनू साहू...



**पाटन।** प्रति वर्ष की भांति अपने गृह ग्राम मजगाँव में गुरु घासीदास जयंती समारोह में युवा नेता दाऊ सोनू साहू शामिल हुए। और सतनामी समाज के वरिष्ठजनों के साथ गुरु घासीदास व जैतखाम की पूजा-अर्चना कर समस्त ग्राम वासियों की खुशहाली व समृद्धि की कामना किया। सोनू दाऊ ने बताया कि बाबा गुरु घासीदास जी ने 卐मनखे-मनखे एक समान卐 का जो संदेश दिया, वह समाज को समानता, भाईचारे और सामाजिक समरसता की दिशा में प्रेरित करता है उनके द्वारा दी गई शिक्षाएं आज भी प्रासंगिक हैं। बाबा गुरु घासीदास जी के दिखाए मार्ग पर चलकर हम एक सशक्त, समरस और समानता पर आधारित समाज का निर्माण कर सकते हैं, और हमारे प्रदेश इस दिशा में हर संभव प्रयास कर रही है। इस अवसर पर ग्राम पटेल दिनेश साहू, हरिकिशन कुर्र, नूतन साहू सरपंच, राजमहंत पं मानसिंग आनंद, दौवाराम साहू, कुमारधार आनंद, राजकुमार आनंद, मनोहर लहरिया, भारत आनंद, बुधारू जांगड़े, राजा आनंद, चीनू आनंद, फलित जांगड़े, राजेंद्र जांगड़े, नंदकुमार, सत्तू, सेऊक, किशुन, असकरण, जितेंद्र, धनराज, जगमोहन, नकुल, कृष्णा, रामा, पन्नालाल, प्रमुख रूप से ज्ञान के गंगा पंथी पार्टी सहित ग्राम वासी उपस्थित रहे।

### होंडा मोटरसाइकिल ने लॉन्च की नई 2025 SP160 'Be Bold, Be Advanced'

**रायपुर,:** होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया (एचएमएसआई) ने आज नई SP160 को लॉन्चड किया है, जो OBD2B मानकों के अनुरूप है। आज के जमाने के राइडर के लिए बनाई गई, इस अपडेटेड SP160 में अत्याधुनिक तकनीक, आकर्षक डिजाइन और उन्नत खूबियों का शानदार संयोजन किया गया है। नई 2025 होंडा SP160 की शुरुआती कीमत (एक्सन-शोरूम दिल्ली ) 1,21,951 रुपये है। अपडेटेड SP160 को पेश करते हुए होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टडर, प्रेसिडेंट और सीईओ, श्री त्सुत्सुमु ओटानी ने कहा, ''हम नई OBD2B अनुपालक ( निर्धारित मानकों कें अनुरूप) अपडेटेड SP160 को पेश करते हुए बहुत खुश हैं। अपने लॉन्च। के महज एक साल के भीतर, SP160 ग्राहकों के बीच बहुत लोकप्रिय हो गई है। अब OBD2B मानकों का पालन करने वाले इंजन और होंडा रोडसिंक ऐप के जरिए ब्लू टूथ कनेक्टिविटी एवं टीएफ्टी डिस्ले जैसी आधुनिक खूबियों के साथ, SP160 हमारे ग्राहकों के गाड़ी चलाने के अनुभव को बेहतर बनाने के लिए तैयार है।'' इस लॉन्च के बारे में होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया के सेल्स और मार्केटिंग डायरेक्टर श्री योगेश माथुर ने कहा, SP160 बोल्डं बनने की चाहत रखने वाले महत्वाकांक्षी युवा राइडर्स द्वारा प्रेरित है।

# भांचा श्रीराम हम सबके आराध्य...अशोक साहू

### निपानी में त्रिदिवसीय मानस महोत्सव का हुआ शुभारंभ!





**पाटन (समय दर्शन)।** संगीत मानस मंडली एवं ग्रामवासी के तत्वाधान में मानस महोत्सव के 26वें वर्ष का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा के बाद पंडित द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार,पूजा अर्चना पश्चात अतिथियों की उपस्थिति में महोत्सव का शुभारंभ हुआ।

मुख्य अतिथि अशोक साहू उपाध्यक्ष ज़िप दुर्ग अध्यक्षता कामिनी कौशिक जिलाध्यक्ष मा.से केंद्र धमतरी ने किया।विशेष अतिथि राजेश ठाकुर अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस,नीरा पुलस्य साहू सरपंच,सीता अनिल सिन्हा सरपंच,भविष्य जैन युवा कांग्रेसी,गजानंद साहू समाजसेवी ने सिया रामचंद्र,हनुमान जी महराज की पूजा अर्चना दीप प्रज्वलित किए।

मुख्य अतिथि ज़िप उपाध्यक्ष श्री साहू ने भांचा श्रीराम हम सबके आराध्य देव है।पौराणिक कथाओं में हमारे छत्तीसगढ़ महतारी की कोरा में अनेक स्थलों पर देवताओं का वर्णन है।

धार्मिक,आध्यात्मिकता, सामाजिकता,संस्कार के लिए मानस महोत्सव का आयोजन हमें और हमारे नई पीढ़ी को सिख देने का प्रयास कर रही है।

कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा सियारामचंद्र जी हम सबके कण कण में बसे है।पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने रामवनपथ गमन के माध्यम से हमारी आस्था को सुदृढ़ करने का काम किया था,लेकिन वर्तमान परिस्थिति में हमारी धार्मिक आस्था,सामाजिक भावनाओं,संस्कृति,परंपरा को ठेस पहुंचाने वाले कार्य हो रहे हैं।हम सबको हमारी संस्कृति,परंपरा के साथ हमेशा धार्मिक,सामाजिक आयोजनों में सहभागिता देने की आवश्यकता है। इस अवसर पर भोजराम रघुवंशी,कुंजबिहारी सिन्हा,बहूर निषाद,लतखोर यादव,शोभाराम सिन्हा, जोगेंद्र सिन्हा,प्रेमलाल सिन्हा,लल्ला सिन्हा,राहुल रघुवंशी,ओमप्रकाश रघुवंशी, धनेश सिन्हा,गौरव सिन्हा,दिनेश सिन्हा,ऐश्वर्य ठाकुर,जयप्रकाश सिन्हा,हेमन्त सिन्हा,रामकृष्ण सिन्हा,इतवारी ठाकुर,खोमन सिन्हा,योगेश सिंह ठाकुर,डॉ.थानेश्वर सिन्हा,रणधीर निर्मलकर, दुलार यादव,दुकालु निषाद आयोजक समिति सहित ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## जिला एवं अपर सत्र न्यायालय गरियाबंद के मालखाना अनुभाग में 10 वर्षों से लंबित संपत्तियों का किया गया नष्टीकरण

### लगभग 11 हजार बल्क लीटर जप्त अवैध शराब नष्ट



**गरियाबंद (समय दर्शन)।** उच्च न्यायालय बिलासपुर के आदेशानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश,रायपुर बलराम प्रसाद वर्मा के निर्देशानुसार जिला एवं अपर सत्र न्यायालय गरियाबंद के मालखाना अनुभाग में 10 वर्षों से लंबित संपत्तियों का निराकरण किया गया। जिला-गरियाबंद के अलग-अलग थानों से जप्त लगभग 11,000 बल्क लीटर जप्त अवैध शराब को न्यायालय परिसर,गरियाबंद में नष्ट किया गया।प्रभारी अधिकारी मालखाना अनुभाग जिला एवं अपर सत्र न्यायालय, गरियाबंद श्रीमती तजेश्वरी देवी देवांगन के निर्देशन में उक्त अवैध शराब का विधिवत् नष्टीकरण किया गया।

उक्त नष्टीकरण प्रकिया सफलतापूर्वक संपन्न किये जाने हेतु अपर सत्र न्यायाधीश,एफ्टीएससी यशवंत वासनीकर,तत्कालीन मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट,गरियाबंद श्रीमती छाया सिंह,वर्तमान मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट , गरियाबंद श्रीमती अनीता ध्रुव,न्यायिक मजिस्टेट कनिष्ठ श्रेणी,गरियाबंद प्रशांत कुमार देवांगन,पुलिस अधीक्षक, गरियाबंद निखिल अशोक राखेचा एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र कुमार चन्द्राकर,नायब नाजिर प्रवेश शेण्डे,सेल अमीन उमेश कुमार एवं ओमप्रकाश जायसवाल,आरक्षक गरियाबंद का विशेष योगदान रहा। इसके साथ ही उक्त कार्य पूर्ण किये जाने में न्यायालयीन चतुर्थ श्रेणी कर्मचारीगण प्रेमकुमार सोनवाने,रेणुप्रसाद गिलहरे,देवलाल ठाकुर,गोकुलराम ध्रुव,बालकृष्णा सोनवानी,हीरासिंह ध्रुव एवं दामोदर सोनवानी का सराहनीय योगदान रहा।

## हवन कथा व तुलसी वर्षा के साथ श्रीमद् भागवत हुआ समापन

### श्रद्धालुओं ने आहुति देकर विश्व शांति की कामना की



**पाटन।** समीपस्थ ग्राम बोरीद में पाण्डेय परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद भागवत कथा गुरुवार को जबरदस्त उत्साह के साथ गीता, सहस्त्र धारा तुलसी वर्षा हवन पूजन के साथ कथा का समापन हुआ । समापन दिवस पर हवन यज्ञ में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने आहुति देकर विश्व शांति की कामनामना की। कथावाचक आचार्य चन्द्रकांत दुबे ने विधि विधान से पूजा अर्चना के बाद हवन यज्ञ में मुख्य जजमानों के साथ परिवार के लोगो ने हवन कर सभी के सुख और शांति की कामना की इस दौरान उन्होंने भागवत कथा के महत्व पर भी प्रकाश डालते हुए पंडित श्री दुबे ने कहा कि भागवत कथा के श्रवण मात्र से ही जन्म जन्मांतर के पाप दूर हो जाते हैं। इस दौरान कथा स्थल पर देवी देवताओं के जयकारें भी गूंजतें रहे। भागवत भगवान के महत्व को बताते हुये कहा कि भागवत का सार तत्व है भक्ति, ज्ञान, वैराग्य और तपस्या, जो कभी भी खत्म नहीं होता है। भगवान श्रीकृष्ण भक्ति के अटूट प्रेम थे। पूरी संसार में श्रीकृष्ण के लिए ऐसा भक्ति जो कि जीवन ही तार कर दे। श्रीकृष्ण से जितना प्रेम करोगे उतना ही प्रेम का रंग चढ़ता जायेगा। कथा समापन होने के पश्चात शाम को प्रसादी के रूप में भंडारे का आयोजन किया गया था। इस अवसर पर डॉ शिवकुमार पाण्डेय, सरिता पाण्डेय , लवप्रसाद , रश्मि पाण्डेय , मीरा पाण्डेय, ईश्वर , रानू , सत्यनारायण, गुंडिया , संजय, अरुण , अनिता , ओमप्रकाश शर्मा, श्रुति, सुनीता , शैफाली, शिवानी , अपर्णा , बिसेलाल, घनश्याम वर्मा, मीना वर्मा, अशोक , अमन , आयुष, अंश , डॉली , शुभी , निधि , अंकिता , अधिक संख्या में श्रोता उपस्थित थे।

## उप-मुख्यमंत्री अरुण साव ग्राम कोतरी में आयोजित श्री रामचरित मानस में हुए सम्मिलित



### उप-मुख्यमंत्री अरुण साव ने की 28 लाख के विभिन्न विकास कार्यों की घोषणा, लोरमी के कोतरी में भव्य मंच और रवेली में बनेगा सीसी रोड

**मुंगेली (समय दर्शन)** लोरमी उप-मुख्यमंत्री अरुण साव शनिवार को लोरमी विधानसभा के ग्राम कोतरी में आयोजित श्री रामचरित मानस में सम्मिलित हुए। मंच से साव ने कहा कि, छत्तीसगढ़ के गांव गांव में नवधा रामायण का आयोजन होता है। आजादी के पहले प्रदेश में अखंड रामायण हो रहा है। ये प्रदेश में राम नाम के महत्व और महिमा को बताता है। कोतरी क्षेत्र धर्म की नगरी है। लगातार 13वें वर्ष राम चरित मानस का आयोजन हो रहा है। एक महीने की तैयारी के बाद और आस पास के ग्रामीणों के सहयोग से ये नवधा रामायण हो रहा है। हमारे बुजुर्गों ने ये परंपरा शुरू लिया। अब नई पीढ़ी ने इस आगे बढ़ाने का काम शुरू किया।अयोध्या में राम मंदिर का भव्य निर्माण हुआ है। ये हमारे लिए गर्व और सौभाग्य की बात है। प्रभु श्री राम की जन्मभूमि अयोध्या में रामलला विराजमान हो, इसके लिए हमारे कई पीढ़ियों ने 500 वर्षों तक संघर्ष किया। और आज हम भव्य राम मंदिर में रामलला के दर्शन कर पा रहे, ये हमारे लिए परम सौभाग्य का विषय है। रामलला दर्शन योजना एवं तीर्थ दर्शन योजना शुरू की है। कांग्रेस सरकार ने तीर्थ दर्शन को कांग्रेस सरकार ने बंद कर दिया था, उसे फिर से शुरू किया है। साव ने ग्राम कोतरी में मंच निर्माण के लिए 15 लाख रुपए की घोषणा की है। वहीं कोतरी के आश्रित गांव थड़गपुर में सांस्कृतिक मंच के लिए 3 लाख रुपए और सीसी रोड के लिए 5 लाख की घोषणा की है। वहीं रवेली में भी सीसी रोड के लिए 5 लाख रुपए का ऐलान किया है। उप मुख्यमंत्री ने कोतरी में राम चरित मानस समिति को नगद 1 लाख एक हजार रुपए दिया।

## पूर्व मुख्यमंत्री सुपुत्र चैतन्य बघेल ने चौकों छक्कों की बरसात से क्रिकेट प्रतियोगिता का किया शुभारंभ

### ग्राम केसरा में स्व मधुकर राव दानी ट्रॉफी क्रिकेट प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ



**पाटन।** खारुन नदी तट पर संतोष राव दानी स्टेडियम ग्राम केसरा में मधुकर राव दानी ट्रॉफी टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के सुपुत्र चैतन्य बघेल ने बल्ला थामकर चौकों छक्कों की बरसात कर किए।अध्यक्षता सार्थक दानी समाजसेवी ने किया, विशेष अतिथि अशोक साहू उपाध्यक्ष ज़िप दुर्ग,दिनेश साहू सभापति जप,डा ईश्वर निषाद अध्यक्ष अ पि वर्ग,तेजराम सिन्हा सेक्टर प्रभारी,अशोक साहू सरपंच ने छत्तीसगढ़ महतारी के तेलचित्र में पूजा अर्चना पश्चात किए।

जिप उपाध्यक्ष अशोक साहू ने खिलाड़ियों एवं ग्रामवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज किसान पुत्र,खेल प्रेमी,युवाओं के प्रेरणास्रोत पूर्व मुख्यमंत्री के चि.सुपुत्र भाई चैतन्य बघेल जी का ग्राम धरती पर पधारने के लिए स्वागत,अभिनंदन करते है।उन्होंने केसरा सहित पूरे प्रदेश में सभी वर्गों के हित में हुए योजनाएं सहित सड़क, सिंचाई, स्वास्थ्य, शिक्षा, खेल, हमारी संस्कृति, परंपरा धार्मिक आस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी का धन्यवाद एवं आभार जताया। इस अवसर पर चेतन ठाकुर, डुमेश्वर निषाद, कमलेश पटेल, गजानंद सिन्हा, लक्की सिन्हा, सागर सिन्हा,दानेश्वर निषाद, कुलेश्वर ठाकुर, टाकेश्वर निषाद, अक्षय कुमार, विनोद ठाकुर, ताम्रध्वज निषाद, नरेंद्र निषाद ,जितेंद्र यादव, किशन यादव, तुलाराम निषाद, नूरेंद्र सिन्हा,श्यामलाल सिन्हा, ज्योतिष निषाद, केजउ राम,राजेश ठाकुर,बसंत निषाद खिलाड़ी सहित ग्रामवासी उपस्थित थे।

## ग्राम सुरपा में बड़े ही हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया गुरु घासीदास जी की जयंती, सांसद बघेल द्वारा समाज की मांग पूरा करने का आश्वासन मिला, पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के मृत आत्मा के शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण किया गया।

**पाटन।** पाटन ब्लाक अंतर्गत आने वाले ग्राम सुरपा में 27 दिसंबर को सतनामी समाज एवं ग्राम वासियों के द्वारा बड़े ही हर्ष उल्लास के साथ संत शिरोमणि गुरु घासीदास बाबा जी की जयंती मनाया गया।

गोधूलि बेला में जय स्तंभ पर समाज की ओर से शंकर राव नारंग के द्वारा पलो चढ़ाया गया इस अवसर पर दुर्ग लोकसभा सांसद विजय बघेल, शिक्षक राजेंद्र मारकंडे असोगा दक्षिण मंडल अध्यक्ष लालेश्वर साहू, मध्यमंडल अध्यक्ष खेमलाल साहू, रवि सिन्हा जनपद सदस्य पाटन, सेवा सहकारी समिति सुरपा के प्राधिकृत अधिकारी नारद साहू, सेवा सहकारी समिति निपानी के प्राधिकृत अधिकारी बेणीराम साहू, ग्राम पंचायत सुरपा सरपंच रेखा साव, पूर्व सरपंच डॉ. सरोज साव, भाजपा जिला कार्यकारिणी सदस्य प्रमोद जैन एवं सामाजिक बंधुओं एवं माताओ के द्वारा आरती कर पलो चढ़ाने में सहयोग किया गया।



जय स्तंभ में पूजा अर्चना के पश्चात गणमान्य अतिथि मंच में आसन ग्रहण किये कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में दुर्ग सांसद विजय बघेल,अध्यक्षता राजेंद्र कुमार मार्कण्डेय शिक्षक , विशिष्ट अतिथि के रूप में विजय बघेल में अपने उद्बोधन में कहा कि:ङ्क एक ऐसे महामानव का जन्म 268 साल पहले हुआ है जिसकी जन्म जयंती आज हम सब बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मन रहे है, बाबा गुरु घासीदास जी ने मनखे मनखे एक समान का संदेश दिया और ईश्वर ही सत्य है, सत्य ही ईश्वर है ये मूल वाक्यों पर आधार छुपा हुआ है, बाबा जी ने ये बात क्यों कही यह विचार करने योग्य बात है जब इतिहास के पन्ने को देखा जाय तब जानकारी मिलता है आज से 100 साल पहले विकराल स्थिति रही है आजादी के पहले छुआ छूत की भावना, ऊंच नीच की भावना घृणा के भावना था। स्नेह,भाई चारा का भावना मिट चुका था, ऐसा विकराल स्थिति थी।वेद पुराण ग्रन्थ में लिखा है कि 84 लाख योनियां गुजरने के बाद मनुष्य जीवन मिलता है जो छुआ छूत भेद भाव, उच्च नीच के लिए नहीं मिला है। देश दुनिया की तकदीर बदलने के भगवान ने भेजे है आज मनुष्य पृथ्वी से अंतरिक्ष पर जा रहा है इसके लिए मानव जीवन मिला है। सांसद बघेल के समक्ष सतनाम धर्म जागरूक युवा संगठन के अध्यक्ष के द्वारा सतनामी समाज सुरपा के मांग पत्र का वाचन किया जिसमें मॉडल जय स्तंभ एवं डोम सेट निर्माण का मांग समाज द्वारा किया गया जिस पर सांसद विजय बघेल के द्वारा मॉडल जयस्तंभ निर्माण के लिए आश्वासन दिया है।

इसके पश्चात समस्त अतिथि एवं सामाजिक बंधुओं और ग्रामवासियों के द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के मृत आत्मा के शांति के लिए 2 मिनट का मौन धारण किया गया।

इस कार्यक्रम में दुर्ग सांसद विजय बघेल, राजेंद्र कुमार मारकंडे पूर्व मंडल अध्यक्ष लालेश्वर साहू पूर्व मंडल अध्यक्ष खेमलाल साहू रवि सिन्हा जनपद सदस्य पाटन,नारद साहू सेवा सहकारी समिति के प्राधिकृत अधिकारी बेणीराम साहू सेवा सहकारी समिति निपानी के प्राधिकृत, अधिकारी प्रमोद जैन भाजपा जिला कार्य समिति सदस्, गिरधरलाल नारंग,पृथ्वीराज मारकंडे, चंद्रहास मोरैया, महेश मारकंडे, देवानंद देवांगन बूथ अध्यक्ष ग्राम सुरपा, नरेंद्र धारगुड़ी समाजसेवी, किशोर सेन, सतनाम धर्म जागरूक युवा संगठन के पदाधिकारी एवं सदस्य,सतनामी समाज सुरपा एवं ग्रामवासी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## खबर-खास

### प्रेम से दे दो बंग्ला, नहीं तो ओपीडी पर हो गया कब्जा



**बिलासपुर,।** सिविल कोर्ट में डिसायपल के प्रकरण की सुनवाई जनवरी के दूसरे माह में लगने की जानकारी का लाभ निगम ने इस तरह उठाया की, 26 दिसंबर को क्रिसमस बीतते ही मिशन अस्पताल की ओपीडी वाली बिल्डिंग में सरकारी ताला जड़ दिया। ओपीडी के अंदर से संचालित होने वाले मेडिकल स्टोर को भी बंद कर दिया। सूत्र बताते हैं कि असल में यह पूरा खेल चेस बोर्ड की चालो के तरीके से चला जा रहा है। प्रशासन जो दिखा रहा है उसे कर नहीं रहा और जो कहता नहीं है उसे करता है। महीना पहले मिशन परिसर में सांकेतिक कब्जा लेने के बाद अब भौतिक और असल कब्जा लिया गया। पहले शासन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने मिशन के पूर्व डायरेक्टर से उनके बंगले का कब्जा स्वत छोड़ने का मौखिक निवेदन किया बताया जाता है। आग्रह जिसके पीछे स्पष्ट दबाव था नहीं मानने पर मिशन अस्पताल की ओपीडी पर भौतिक कब्जा प्राप्त किया। यह संकेत है कि अंदर के अन्य भवनों पर भी इस तरह सरकारी लाल सील वाले ताले जड़े जाएंगे। चेस बोर्ड पर प्रशासनिक पक्ष की ओर से कौन कैसे किसके लिए कर्तव्य के नाम पर चाल चल रहा है। सड़क चौड़ीकरण तो बहाना है इस पर भरपूर जानकारी अगले अंक में ....।

### पुलिस अधीक्षक सर्चिंग गस्त के दौरान घोर नक्सल ग्राम छींदौला एवं खोलपारा पहुंचे



**गरियाबंद।** छिंदौला के लोगों से मिलकर हाल-चाल जानते हुए बच्चों को स्कूल बैग,महिला एवं पुरुष को साड़ी और गमछा वितरण किए । पुलिस अधीक्षक को अपने बीच पाकर गांव के लोगों में खुशी का माहौल रहा। पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा अपने सर्च सर्चिंग टीम के साथ ग्राम छिंदौला एवं खोलपारा पहुंचे गांव के लोगों से रूबरू होते हुए हाल-चाल जाने साथ ही बच्चों को स्कूल बैग महिलाओं को साड़ी युवाओं को टी शर्ट एवं पुरुषों को गमछा वितरण किए। पुलिस अधीक्षक को अपने बीच पाकर गांव में खुशियों का माहौल रहा। इस दौरान एसडीओपी मैनपुर बाजी लाल सिंह एवं एसटीएफके डीएसपी जगने के साथ अन्य पुलिस जवान उपस्थित रहे।

### छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर के शम्सुद्दोहा अस्पताल में नेफ्रोप्लस ने डायलिसिस क्लिनिक की शुरुआत की

**अंबिकापुर :** एशिया के सबसे बड़े डायलिसिस नेटवर्क नेफ्रोप्लस ने शम्सुद्दोहा अस्पताल के सहयोग से छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर में अपनी पहली फैसिलिटी खोली है। इस नई फैसिलिटी का उद्देश्य किफायती, सुविधा और उन्नत सेवाएं प्रदान करके क्षेत्र के लोगों के लिए गुणवत्तापूर्ण डायलिसिस देखभाल तक पहुंच बढ़ाना है। यह अंबिकापुर का दूसरा सबसे बड़ा डायलिसिस क्लिनिक है। इस डायलिसिस क्लिनिक में एक पॉजिटिव डायलिसिस मशीन सहित 7 बेड है, और यहां हर महीने लगभग 250 डायलिसिस सेशन की सुविधा मिलती है। इस फैसिलिटी का केंद्रीय स्थान पर होना, रोगियों, विशेष रूप से दूर की जगहों से आने वाले लोगों को लंबे समय तक लंबी प्रतीक्षा अवधि या पर्याप्त यात्रा के बिना गुणवत्तापूर्ण डायलिसिस सेवा प्राप्त करने की सुविधा देता है। छत्तीसगढ़ के सर्वश्रेष्ठ गुर्दा रोग विशेषज्ञों में से एक डॉ. प्रवेश कुमार चौधरी, इस सेंटर की जिम्मेदारी संभालते हैं और निगरानी और सलाह के लिए क्लिनिक जाते हैं। यह क्लिनिक आयुष्मान भारत पैनल में भी है, जो पात्र रोगियों के लिए सामर्थ्यवान बनाता है। इस अवसर पर नेफ्रोप्लस के संस्थापक और सीईओ विक्रम वुपल्ला ने कहा कि नेफ्रोप्लस में हमारा लक्ष्य सस्ती और उच्चतम गुणवत्ता की डायलिसिस सेवाएं प्रदान करना है। शम्सुद्दोहा अस्पताल के साथ यह सहयोग इस बात की गारंटी देगा कि अंबिकापुर और आसपास के क्षेत्रों में रोगियों को उपचार तक अधिक पहुंच हो, जिसमें आराम, स्वच्छता और दक्षता को प्राथमिकता होती है। नेफ्रोप्लस ने सटीक और सुरक्षित डायलिसिस उपचार प्रदान करने की अपनी निरंतर प्रतिबद्धता के तौर पर में सात डायलिसिस मशीनों में निवेश किया है।

# बालसी में सतनाम शोभा यात्रा के साथ भव्य गुरु घासीदास जयंती समारोह सम्पन्न

**शंकर लहरे / सरायपाली ( समय दर्शन )।** विगत कई वर्षों की भाति इस वर्ष भी फूलझर अंचल छत्तीसगढ़ एवं झारबंद क्षेत्र उड़ीसा के सतनामी समाज के मुख्य केन्द्र बालसी सरायपाली में

मानव मानव एक सामान के संदेश देने वाले प्रात: स्मरणीय विश्व वंदनीय परम पूज्य बाबा गुरु घासीदास बाबा जी के 268 वीं जयंती समारोह बाजे गाजे डी.जे. पंथी नृत्य एवं अखाडा लाठी चाल, तलवार बाजी एवं आग जलाकर डंडा चाल का शौर्य प्रदर्शन करते सतनाम शोभा यात्रा के साथ भव्य गुरु घासीदास जयंती समारोह मनाया गया।

मुख्य अतिथि डॉ. राजाराम बनर्जी जी प्रदेश अध्यक्ष इंडियन सतनामी समाज आर्गेनाइजेशन अध्यक्षता दौलत प्रसाद रात्रे जिला अध्यक्ष सतनामी समाज जिला महासमुन्द, अति विशिष्ट अतिथि पी एल कोसरिया राजमहंत सतनामी समाज लखन कुर्रे प्रदेश महासचिव सतनामी समाज छत्तीसगढ़, डिग्रीलाल रात्रे प्रदेश अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ सतनामी समाज छत्तीसगढ़, पी के दिव्य सचिव, नरेन्द्र बोरे प्रदेश प्रवक्ता, रामप्रसाद ओगरे जिला अध्यक्ष बरगढ़ उड़ीसा, विशिष्ट अतिथि कमल जीत राय प्रदेश कोषाध्यक्ष, हुलेश्वर कांत महिलाने प्रदेश उपाध्यक्ष, रामसाय बघेल समाज प्रमुख, डिजेन्द्र कुर्रे



जिलाध्यक्ष कर्मचारी प्रकोष्ठ, जवाहर लहरे जिलाध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ, अनादि ओगरे जिला सचिव उड़ीसा खोलबरा निराला जिला कोषाध्यक्ष सीताराम बारीक जिला उपाध्यक्ष किरतो मिरी जिला कार्यकारणी सदस्य श्री पुनीतराम खूंटे ब्लाक अध्यक्ष बसना हरदेव बारीक जिला उपाध्यक्ष खगेश्वर भार्गे ब्लाक उपाध्यक्ष बसना रोशन भास्कर समाज सेवी चंदराम भास्कर समाज सेवी श्री रंजन जांगडे शोभन ओगरे योगेश टंडन ब्लाक अध्यक्ष पिथौरा मिलापराम निराला ब्लाक अध्यक्ष बसना राजु खूंटे मीडिया प्रभारी एवं सामाजिक पदाधिकारियों के साथ साथ हजारों की जन शैलाब की गरिमामई उपस्थिति में बाबा गुरु घासीदास जी की जयंती हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया।

कार्यक्रम में डॉ राजाराम बनर्जी जी प्रदेश अध्यक् ने कहा की गुरु घासीदास जी को छत्तीसगढ़ के महान संत के रूप में जाना जाता है। यह बचपन से ही दिव्य यक्तित्व वाले थे। यह सतनामी समाज के प्रवर्तक होने के साथ साथ एक समाज सुधारक भी थे। राज महंत पी एल कोसरिया ने समाज में नसा मुक्ति अभियान चला कर समाज में स्वच्छ खानी बानी सियानी करने का समाज को आवाहन किया लखन कुर्रे प्रदेश महासचिव जी ने बाबा जी की जयंती समारोह की बधाई देते हुए समाज में शिक्षा स्वास्थ रोजगार पर समाज को संबोधित किया नरेंद्र बोरे प्रदेश प्रवक्ता ने समाज को आग्रह किया कि एकता भाई चारा बनाए रखें सभी सामाजिक पदाधिकारियों ने गुरु घासीदास जयंती समारोह उत्कृष्ट आयोजन हेतु बधाई प्रेषित किया।

दौलत प्रसाद रात्रे जिला अध्यक्ष ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

## शिविर में 170 स्वयं सेवकों सहित ग्रामीणों ने लिया नशामुक्ति का शपथ



**महासमुंद( जिला ब्यूरो )।** सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा संचालित नशामुक्त भारत अभियान अंतर्गत कलेक्टर महासमुंद के निर्देशानुसार आज समाज कल्याण विभाग महासमुंद एवं आदर्शवादी सेवा समिति बरडीह द्वारा ग्राम सागरपाली एवं भौरादादर में आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय शिविर के समापन समारोह अवसर पर शिविर के स्वयं सेवकों और उपस्थित ग्रामीणों को दिलाया नशामुक्ति का शपथ 7

राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के स्वयं सेवकों और उपस्थित ग्रामीणों को विजय सिन्हा (समाज कल्याण विभाग) महासमुंद द्वारा संबोधित करते हुए वर्तमान में देश के लिए सबसे बड़ी समस्या नशापान को बताया 7 जिससे निजात पाने शासन प्रशासन द्वारा अनेक अभियान भी संचालित की जा रही हैं 7

भारी संख्या में उपस्थित महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा शासन द्वारा गांव-गांव में भारत माता वाहिनी गठन किया जा रहा है 7 जिसके माध्यम से भारत माता वाहिनी के माताएं बहनों द्वारा गांव-गांव में अवैध शराब विक्रय एवं अन्य मादक द्रव्यों के अवैध विक्रय पर प्रतिबंध लगाकर गांव में शांति का माहौल स्थापित किया जा रहा है 7यदि आपके गांव में भारत माता वाहिनी का गठन नहीं हुआ है तो आप लोग भी भारत माता वाहिनी का गठन कर गांव में अवैध मादक द्रव्यों पर प्रतिबंध लगाकर गांव में शांति का माहौल स्थापित कर सकते है 7

सिन्हा ने आगे कहा कोई भी कार्य सर्वप्रथम हम स्वयं और अपने परिवार से ही शुरू करें तो सभी कार्य संभव है 7

जब तक हम नशापान से दूर ना रहे, तब तक अन्य लोगों को हम नशामुक्ति के लिए प्रेरित नहीं कर सकते7

आपके परिवार में यदि कोई सदस्य नशापन करते हैं तो उन्हें समझाइए की नशापन से घर परिवार बर्बाद होती है 7

आप पढ़े लिखे हो और घर में पढ़े लिखे लोगों की बात मानी भी जाती है 7

आदर्शवादी सेवा समिति बरडीह के संयोजक दुखनाशन प्रधान द्वारा शराब सेवन से समाज पर पड़ता दुष्प्रभाव पर प्रकाश डालते हुए कहा न चाहते हुए भी यदि कोई व्यक्ति कोई अपराध करता है तो उसका मूल कारण शराब सेवन (नशापन) है 7 जब व्यक्ति में अत्यधिक नशा चढ़ जाता है तो उसे यह ज्ञात नहीं होता कि उसके द्वारा जो कार्य किया जा रहा है ,सही है ,या गलत है 7

भला कौन व्यक्ति अपने माता-पिता एवं बीवी बच्चों की निर्मम हत्या करता 7

शराब (नशापान)से दूर रहने और अपराधी बनने से बचने के लिए कहा 7

जैसे कोई व्यक्ति जन्म से अपराधी नहीं होता ,ठीक उसी प्रकार जन्म से कोई व्यक्ति शराबी नहीं होता 7

शराब सेवन की पुरातन प्रथा को जब तक हम पूर्ण रूप से समाप्त नहीं कर देते तब तक हमें यह अभिशाप से छुटकारा नहीं मिलेगी 7

जिसकी शुरुआत हमें स्वयं से करनी पड़ेगी 7 इस शिविर के माध्यम से आप लोगों ने जो सीखा अपने -अपने दिनचर्या में यदि शामिल कर लिए तो आपके परिवार के साथ-साथ गांव में भी सुधार आ सकती है 7

आप लोगों ने सही रास्ता चुन लिया तो देश को बदलते देर नहीं लगेगी 7

क्योंकि हम सुधरेंगे तो देश सुधरेगा 7

आगे उन्होंने कहा यदि आपको शराब सेवन या अन्य नशापन करने के लिए कोई कहे तो आप उनको मना कर दीजिए और उसके साथ-साथ उनसे मित्रता ही समाप्त कर लीजिए 7

जो लोग आज आपको नशापन के लिए प्रेरित कर रहे हैं कल वही लोग आपके बर्बादी पर हसेंगे 7

एक विद्यार्थी का कर्तव्य विद्याध्ययन होता है, यदि आप अपना पूरा समय विद्याध्ययन में लगाते हैं तो बुरी संगत, नशापान तथा अन्य कार्य के लिए आपको समय ही नहीं मिलेगा 7

शिविर के समापन समारोह को अन्य अतिथियों ने भी संबोधित किया 7

श्री विजय सिन्हा समाज कल्याण विभाग महासमुंद एवं दुखनाशन प्रधान संयोजक आदर्शवादी सेवा समिति बरडीह की व्याख्यान सुन ग्राम भौरादादर में दुर्गा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लंबर के 100 राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के स्वयं सेवक एवं ग्राम सागरपाली में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दुर्गापाली के 70 राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के स्वयं सेवकों सहित ग्राम भौरादादर एवं ग्राम सागरपाली के ग्रामीणों ने स्वेच्छा से नशामुक्ति का संकल्प लिया 7

नशामुक्ति संकल्प लिए राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के स्वयं सेवकों को समाज कल्याण विभाग महासमुंद एवं आदर्शवादी सेवा समिति बरडीह द्वारा एक-एक पेन प्रदान किया गया 7

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर समापन समारोह के अतिथिगण, प्राचार्य दुर्गा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लंबर , प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दुर्गापाली , गुरुजन, कार्यक्रम अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई , राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयं सेवक सहित ग्रामीणजन,समाज कल्याण विभाग से विजय सिन्हा ,वृंदावन पटेल एवं आदर्शवादी सेवा समिति बरडीह संयोजक दुखनाशन प्रधान, उपाध्यक्ष तिलकराम पटेल आदर्शवादी सेवा समिति बरडीह मौजुद रहें7

## घासीदास बाबा ने समाज को सत्य के मार्ग पर चलने की सीख दी- रामकुमार

**कवर्धा ( समय दर्शन )।** मानव मानव के बीच सद्भावना, भाईचारा, समानता की भावना को विकसित करने वाले महान संत शिरोमणि परम पूज्य बाबा गुरु घासीदास जी की 268 वीं जयन्ती समारोह विकास खण्ड पंडरिया के ग्राम बसनी में बड़े उल्लास के साथ धूमधाम से मनाया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष व जिला पंचायत सदस्य रामकुमार भट्ट उपस्थित थे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में सेवा राम कुर्रे अध्यक्ष प्रतिनिधि जनपद पंचायत पंडरिया, नंदलाल चंद्राकर सदस्य जनपद पंचायत पंडरिया, रवि यादव सभापति जनपद पंचायत पंडरिया, महेंद्र धृतलहरे महामंत्री अनुसूचित जाति मोर्चा, पुरषोत्तम निर्मलकर, मनोज जांगड़े सरपंच ग्राम पंचायत घोरपेन्ड्री उप सरपंच लीलवा चंद्राकर सहित अनेक जनप्रतिनिधि व



समाज के वरिष्ठ नागरिक उपस्थित रहे। समारोह में पंथी पार्टी द्वारा बाबा के उपदेशों पर आधारित मनमोहक पंथी नृत्य का प्रदर्शन किया गया।

इस अवसर पर आयोजित सभा को सम्बोधित कर रामकुमार भट्ट ने बाबा गुरु घासीदास जी के उपदेशों का बखान करते हुए कहा कि बाबा गुरु घासीदास ने समाज के उत्थान के लिए अनेक नियम बनाए साथ ही सत्य और ज्ञान की खोज के लिए कठिन तपस्या करके समाज को सत्य के मार्ग पर चलने की सीख दी। यदि हमारा समाज बाबा जी के बताए हुए उपदेशों को अनुशरण कर जीवन में आत्मसात कर आगे बढ़े तो निश्चित रूप से समाज की तरक्की व समाज का कल्याण सम्भव है। उन्होंने कहा कि बाबा ने मनखे मनखे एक समान के सिद्धांत को प्रतिपादित कर सम्पूर्ण मानव समाज में समानता और भाईचारा कायम करके मानव कल्याण का बीड़ा उठाया था। इस अवसर पर आयोजित सभा को उपस्थित अतिथियों ने भी सम्बोधित कर बाबा जी के उपदेशों पर प्रकाश डाले।

### नशे की हालत में ट्रक चालक ने घंटे भर किया हाइवे जाम,हाइवे पेट्रोलिंग को करना पड़ा काफी मशक्कत

**गरियाबंद।** रविवार के शाम को नेशनल हाईवे 130 सी मोहेरा पुल के समीप ट्रक चालक जो नशे की हालत में था उसके तमाशा के चलते घंटे भर से ऊपर सड़क जाम रहा,जिससे सड़क के दोनों ओर दर्जनों वाहनों की कतार लगी रही,जिसे हाइवे पेट्रोलिंग वाहन के जवानों को द्वारा बहाल किया गया। ज्ञात हो कि जिला प्रशासन द्वारा मोहेरा पुल के समीप किसी भी बड़े वाहनों के पार्किंग के लिए पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगाया गया है,जिसके चलते पेट्रोलिंग हाइवे वाहन के पुलिस जवानों के द्वारा नगर के साथ आसपास के दस किलोमीटर की दूरी में सर्चिंग कर वाहनों को व्यवस्थित किया जाता है।इसी तरह रविवार के शाम को चार बजे हाइवे पेट्रोलिंग वाहन मोहेरा पुल के समीप सर्चिंग के लिए पहुंची।वहा पुल के समीप धान से भरा एक बड़ा चौदह चक्के का ट्रक सड़क किनारे खड़ा था, जिसे पेट्रोलिंग वाहन के जवानों ने गाड़ी न खड़ा करने के लिए ट्रक के चालक का तलाश किए तब देखे कि चालक ट्रक में ही सोया हुआ था,जिसे उठाने की कोशिश लिए तब पता चला कि ट्रक का चालक नशे में था,जो गरियाबंद से धान भरकर धान खाली करने कुंडेल भाटा जा रहा था,जिसे पुलिस जवानों के द्वारा काफी समझने की कोशिश लिए,लेकिन ट्रक का चालक पुलिस जवानों के साथ ही हुज्जत करने लगा,तब पुलिस विभाग द्वारा नशेड़ी चालक को ट्रक सहित कोतवाली चलने कहा जिसके चलते ट्रक चालक ट्रक को मोड़कर पुल के समीप बीचोबीच आडा खड़ा कर पुलिस के साथ आम नागरिकों से घंटे भर से ज्यादा देर तक बहस करता रहा जिसके चलते घंटे भर से ज्यादा यातायात बाधित रहा और सड़क के दोनों ओर दर्जनों वाहनों का जमावड़ा बन गया।उस ट्रक के चालक को समझाने में पुलिस वालो को काफी मशक्कत करना पड़ा।वही हताश होकर पुलिस जवानों के द्वारा ट्रक का नंबर नोट कर ट्रक को वहा से हटाए तब कही जाकर काफी देर बाद सड़क सुचारु रूप से संचालित हुआ।

## चिल्फी पुलिस और सायबर सेल की टीम ने 12 किलोग्राम गांजा के साथ किया दो आरोपी गिरफ्तार



**कवर्धा ( समय दर्शन )।** चिल्फी पुलिस एवं सायबर सेल की संयुक्त त्वरित कार्रवाई में 12.130 किलोग्राम गांजा के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। जब्त गांजा की अनुमानित कीमत ?1 लाख 20 हजार बताई गई है। इस कार्रवाई में आरोपी नरेन्द्र कामड़े (22 वर्ष) निवासी दोशीटोला, थाना बिरसा, जिला बालाघाट, मध्यप्रदेश, और नारायण यादव (28 वर्ष) निवासी वार्ड नं. 08, पोस्ट ऑफिस के पीछे, गंडई, जिला खैरागढ़ (वर्तमान पता दोशीटोला, थाना बिरसा, जिला बालाघाट, मध्यप्रदेश) को गिरफ्तार किया गया।

पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह के निर्देशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र बघेल एवं पंकज पटेल और एसडीओपी कृष्ण कुमार चंद्राकर के नेतृत्व में कवर्धा जिले में मादक पदार्थ, सट्टा, जुआ और अन्य अवैध गतिविधियों के खिलाफसख्त अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत 26. 12. 2024 को सायबर सेल को विश्वसनीय मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि रेंगाखार-चिल्फी तिराहे पर दो व्यक्ति संदिग्ध बैग लेकर ग्राहक की तलाश में खड़े हैं। टीम ने मौके पर पहुंचकर दोनों व्यक्तियों को रोककर पूछताछ की। उनके बैग से खाकी टेप से लिपटे 6 पैकेट बरामद हुए, जिनमें कुल 12.130 किलोग्राम गांजा पाया गया। आरोपियों ने बताया कि वे इसे बिक्री के लिए ग्राहक की तलाश में खड़े थे। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर थाना चिल्फी में अपराध क्रमांक 42/24 धारा 20 (बी) (2) (बी) एनडीपीएस एक्ट के तहत विधिसंगत कार्रवाई की गई।

इस कार्रवाई में थाना चिल्फी से निरीक्षक उमाशंकर राठौर एवं उनकी टीम तथा सायबर सेल से निरीक्षक आशीष कंसारी, प्रधान आरक्षक चुम्मन साहू, वैभव सिंह कलचुरी, पीयूष मिश्रा, आरक्षक अमित ठाकुर, आकाश राजपूत और शैलेन्द्र निषाद ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। पुलिस अधीक्षक श्री धर्मेंद्र सिंह (आईपीएस) ने पुलिस टीम के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि कबीरधाम पुलिस जिले को नशामुक्त और सुरक्षित बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। आम जनता से अपील की गई है कि वे पुलिस को ऐसे प्रयासों में सहयोग प्रदान करें, ताकि समाज को नशे और अपराधों से मुक्त किया जा सके।

# सोशल मीडिया पर वायरल हुआ छत्तीसगढ़ी व्यंजन पनपुरुवा रोटी का वीडियो, गांव के यूट्यूबर ने छत्तीसगढ़ी व्यंजन की खूबसूरती को किया उजागर

**शंकर लहरे / सरायपाली - ( समय दर्शन )।** छत्तीसगढ़ के पारंपरिक व्यंजन दुनियाभर में अपनी खास पहचान बना रहे हैं. हाल ही में, यूट्यूब पर एक छत्तीसगढ़ी यूट्यूबर द्वारा पनपुरुवा रोटी की रेसिपी साझा करने वाला वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है. लाखों व्यूज़ और हजारों लाइक्स के साथ यह वीडियो न केवल स्थानीय व्यंजनों को प्रमोट कर रहा है, बल्कि छत्तीसगढ़ की संस्कृति को भी सुर्खियों में ला रहा है. दरअसल पनपुरुवा रोटी छत्तीसगढ़ का पारंपरिक व्यंजन है, जो अपने अद्भुत स्वाद और पौष्टिकता के लिए जाना जाता है. इसे चावल के आटे और तवा की सहायता से तैयार किया जाता है.

इसकी खासियत यह है कि इसे चूल्हा में धीमी आंच और ऊपर में गरम कोयले की सहायता पकाया जाता है, जिससे इसका स्वाद और भी बढ़ जाता है, इसे आमतौर पर टमाटर मिर्ची की या लहसुन की चटनी के साथ परोसा जाता है. यूट्यूबर कामेश पटेल ने अपने यूट्यूब चैनल @KameshPatel 0007 पर पनपुरुवा रोटी बनाने की पूरी प्रक्रिया को बेहद सरल और रोचक तरीके से दिखाया है. स्थानीय माहौल, पारंपरिक बर्तनों और छत्तीसगढ़ी संस्कृति के खान पान ने दर्शकों का ध्यान खींचा है. वीडियो को देखते ही देखते लाखों लोगों ने लाइक और शेयर



किया. यह वीडियो न केवल छत्तीसगढ़ी व्यंजन की खूबसूरती को उजागर करता है, बल्कि स्थानीय संस्कृति को भी प्रमोट करता है.

यूट्यूबर कामेश पटेल ने बताया कि वे महासमुंद जिले के सरायपाली स्थित बटकी गांव के रहने वाले हैं. हाल में उनके द्वारा छत्तीसगढ़ का पारंपरिक व्यंजन पनपुरुवा यानी पान रोटी का वीडियो बनाकर अपने यूट्यूब चैनल पर अपलोड किया था. जिसे लाखों लोगों ने देखा और प्यार दिया इसकी वजह से यूट्यूबर कामेश पटेल रातों रात फेमस हो गए हैं. कामेश बताते हैं कि केवल सप्ताह भर में ही 19 लाख लोगों से उस वीडियो को देखा है. कामेश पिछले एक साल से यूट्यूब पर ब्लॉग और वीडियो डालते थे. इनके वीडियो में खासकर आपको देसीपना की झलक देखने मिलती है यानी गांव से जुड़ी रहन सहन, खान पान, दोस्तों की मौज मस्ती और जीवनयापन के बारे में रियल स्टोरी रहती है.

पिछले एक साल से अनियमित रूप से वीडियो पोस्ट करते आ रहे थे लेकिन वीडियो व्यू के नंबर से संतुष्टि नही मिल रही थी लेकिन छत्तीसगढ़ के पारंपरिक व्यंजन पनपुरुवा रोटी का वीडियो डालने के बाद यह वीडियो खुब वायरल हुआ हो रहा है. बता दें कि पनपुरुवा रोटी को छत्तीसगढ़ में अलग अलग नामों से जाता है. पानरोटी, मोटा रोटी, डाउका रोटी के नाम से भी जाना जाता है. पनपुरुवा रोटी तवा, अंगरा यानी कोयले की सहायता से बनाया जाता है.

## संक्षिप्त-खबर

### उपेन्द्र नाग बनाये गये ग्रामीण उद्यान विस्तार अधिकारी संघ छत्तीसगढ़ के प्रदेशअध्यक्ष



**बसना (समय दर्शन)।** बसना विकासखण्ड मुख्यालय ग्रामीण उद्यान विस्तार अधिकारी उपेन्द्र नाग को छत्तीसगढ़ स्तरीय ग्रामीण उद्यान विस्तार अधिकारी संघ के प्रदेश स्तरीय बैठक मे सर्व सम्मति से प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत किया गया है । छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों एवं विकासखण्डो मे कार्यरत ग्रामीण उद्यान विस्तार अधिकारी बंधुओं के हित व संवर्धन के लिए,,समय समय पर होने वाले विभिन्न समसामयिक मुद्दों को लेकर श्री नाग हमेशा तत्पर व सक्रिय रहे हैं । श्री नाग बताते हैं कि,सामान्य अवकाश मे से ,वे कुछ दिन परिवार समाज एवं कुछ समय संगठन के लिए निकालते हैं ।अपने टीम वर्क के साथ सभी अन्य सहयोगी साथियों के साथ विभिन्न जिलों का सतत भ्रमण करते हुए प्रदेश के दूर दूरांचल विकासखण्डों तक पहुँच कर, अपने सहकर्मियों के हित की दिशा मे आदर्श व सामुहिक प्रयास से विभिन्न समस्याओं के निदान के लिए सकारात्मक भूमिका हमारे रचनात्मक कार्य होंगे । प्रदेश प्रबंधकारिणी समिति में शिशिर ठाकुर (प्रदेश सचिव) सुनील साहू(संयुक्त सचिव)राहुल सिन्हा (प्रदेश उपाध्यक्ष) हर्षलता साहू (प्रदेश उपाध्यक्ष) अरविंद कुर्रे (प्रदेश कोषाध्यक्ष) दीपक कुर्रे (सलाहकार) विजेन्द्र समस्थ, त्रिशलेश साहू, मिडिया प्रभारी, कार्यकारी सदस्य के रूप मे अनिल महिलांगे,अभिलाष शुक्ला,डॉ.तरूण केवट,रवि बघेल, मिथलेश चन्द्रा का नाम प्रस्तावित किया गया ।

### मंडल अध्यक्ष का दायित्व मिलने पर रानी बंछोर ने संगठन के प्रति जताया आभार



**पाटन।** भाजपा प्रदेश संगठन द्वारा समन्वय से सर्वानुमति के आधार पर दुर्ग जिला संगठन के अंतर्गत पाटन मंडल भाजपा की कमान सौंपे जाने के बाद रानी बंछोर ने अपनी नियुक्ति पर प्रदेश नेतृत्व व जिला नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते कहा कि पार्टी संगठन ने मेरे जैसे सामान्य कार्यकर्ता को इतनी बड़ी जवाबदारी दी है, जिस पर खरा उतरने का मेरा पूरा प्रयास रहेगा। पार्टी द्वारा दिये जाने वाले सभी कामों और निर्देशों का पालन करने के लिए पाटन पूरी टीम तत्पर रहेगी। पार्टी का आधार बूथ स्तर पर और अधिक मजबूत करके आने वाले समय मे पाटन विधानसभा में भाजपा का परचम लहराना ही हमारा उद्देश्य है। रानी बंछोर ने वरिष्ठ नेताओं व सभी कार्यकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त किया।

### पाटन के गाड़ाडीह के पास सड़क हादसा, दो बाइक आपस में टकराई, दो की हालत गंभीर, समाज सेवी भाजपा नेता अश्वनी टंडन ने अपनी गाड़ी से ले गए अस्पताल



**पाटन।** सेलूद से गाड़ा डीह मार्ग पर गाड़ा डीह के पास दो बाइक आपस में टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त था कि दोनों बाइक के परखच्चे उड़ गए। इस घटना में ग्राम परसाही से परिवार सहित जा रहे एक परिवार के सभी सदस्यों को चोट आई है। वही दूसरे दूसरे बाइक में एक युवक था जो कि गाड़ी को काफी तेज गति से चलाते हुए दूसरे बाइक से टकरा गया। जिस समय घटना हुई उसी समय अहिवारा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बोडेगांव में रहने वाले समाज सेवी भाजपा युवा नेता अश्वनी टंडन धमतरी से वापस दुर्ग की तरफजा रहा है। घटना को देखकर रुका और घायलों को अपने चार पहिया वाहन में ही बिठाकर गाड़ा डीह अस्पताल ले जाया गया। बताया जा रहा है कि घटना में तीन लोगों की ज्यादा चोट आई है जिसे जिला चिकित्सालय रिफर किया गया ।उसे भी अश्वनी टंडन अपनी गाड़ी में जिला चिकित्सालय ले गए। जानकारी के मुताबिक इस घटना में चेतन नाम के बच्चे को काफी चोट आई है। उसके नाक की हड्डी फ्ट है है जिससे सांस लेने में दिक्कत हो रही है। गाड़ा डीह में प्राथमिक इलाज के बाद रिफर किया गया। बता दे कि अश्वनी टंडन हमेशा सड़क दुर्घटना में घायलों की मदद करते है। इसके लिए उन्हे जिला प्रशासन द्वारा सम्मान भी किया जा चुका है। अब तक वे सड़क दुर्घटना में घायल करीब 200 लोगों को समय पर अस्पताल पहुंचकर उनकी जांच बचा चुके है।

# बसंतपुर प्रीमियम लीग का हुआ भव्य समापन

**राजनांदगांव।** बसंतपुर वार्ड में तीन दिवसीय क्रिकेट टूनामेंट का भव्य आयोजन समापन किया गया। पूरा टूनामेंट बहुत ही शानदार रहा। इस आयोजन में बसंतपुर वार्ड से 42, 43, 46 वार्डो की 6 टीम ने हिस्सा लिया, जिसमे भगत सिंह इलेवन, गुरू गोविंद सिंह, बाल गंगाधार तिलक, सुभाषचंद बोस, सरदार वल्लभभाई पटेल, चंद्रशेखर आजाद इलेवन के मध्य आईपीएल के तर्ज पर हुआ। पूरे टीम का नाम बहुत ही गर्व के साथ हमारे आदशो महापुरूषों के नाम पर रखा गया था।

आयोजन के संरक्षक बजरंग दल जिला संयोजक सुनील सेन, कोषाध्यक्ष पीयूष चितलांग्या, अध्यक्ष अजय ठाकुर, उपाध्यक्ष जय जायसवाल थे। इस टूनामेंट में सेमीफइनल और फायनल मैच बहुत ही



शानदार रह। पूरे मैच के दौरान बहुत बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति रही।

आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व सांसद मधुसूदन यादव, पूर्व पार्षद देवशरण सेन, शेखर यादव, भाजपा नेता राजेश यादव, हॉकी प्रशिक्षक अनुराज श्रीवास्तव की उपस्थिति रही। फायनल मैच गुरू गोविंदसिंह इलेवन और भगत सिंह इलेवन के मध्य हुआ, जो बहुत ही रोमांचक मैच रहा। अंततः फायनल मैच गुरुगोविंद सिंग ने जीता और प्रथम पुरस्कार अतिथियों के हाथों अर्जित किया। पूरे मैच में बसंतपुर वार्डवासियों का विशेष सहयोग रहा, जहां मुख्य रूप से आशीष साहू, चीकू साहू, चैंपियन जिम, आशीष बंसोड़, इकबाल झड़ोडिया, दुर्गेश साहू, पिंकेश्वर साहू, योगेंद्र साहू, योगेंद्र यादव, लुकेश साहू, दीपक यादव, अभिषेक मेश्राम, अविनाश यादव, करण यादव, गोवर्धन यादव, नीतीश यादव, धनेश्वर साहू, भूपेश साहू, गगन साहू, लीकेश साहू, पटवारी, गोपी यादव, चेतन साहू, भूपू मेरावी, कनक साहू, अमर साहू, संजीव साहू, उमेश साहू की उपस्थिति रही।

# राजा खरियार में बड़ा जैतखाम का हुआ लोकार्पण

- जगत-गुरु रूद्रकुमार के करकमलों से सम्पन्न हुआ लोकार्पण
- राजमहंतों एवं समाज प्रमुखों की अगुवाई में निकाली गयी भव्य शोभायात्रा

**राजा खरियार उड़ीसा (समय दर्शन)।** उड़ीसा राजा ख़रीयार में गिरौदपुरी में स्थापित सबसे बड़ा जैतखाम के प्रतीकात्मक बड़ा जैतखाम का लोकार्पण जगतगुरू गुरुगद्दी नसीन रुद्रकुमार जी द्वारा अपने राजमहन्त पी एल कोसरिया, राजमहन्त सी आर टण्डन, राजमहन्त पी के घृतलहरे व स्थानीय विधायक माननीयअधिराज मोहन पाणिग्रही,नगरपालिका अध्यक्ष उज्वल गुप्ता व प्रदेश अध्यक्ष ज्योतिलाल बंजारे की गरिमामयी उपस्थिति में किया गया।





त्रिदिवसीय गुरुघासीदास जयन्ती समारोह के प्रथम दिवस 28 दिसम्बर 2024को ज्योति कलश स्थापना उपरांत शोभायात्रा निकालकर , बाईक रैली व पंथी दल के कलाकारों एवं आतिशबाजी, पुष्प वर्षा के साथ जगतगुरू रुदकुमार जी का स्वागत किया गया। जगतगुरू द्वारा पूजा अर्चना कर पालो चढ़ाने के बाद संत समाज को गुरु पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि, अपने जीवन को सदैव सादा झंडा की भाँति पाक साफ व बेदाग रखें ,, ऐसा कोई कार्य न करें जिससे स्वयं की व समाज की बदनामी हो। सदैव गुरूबाबा के आदर्शों व उनके संदेश को आत्मसात करते नशा पान व ब्यसन से दूर रहें। सदैव सामाजिक एकता बनाये रखें। जगतगुरू जी द्वारा संत समाज को दर्शन लाभ देते हुए आशीर्वाद प्रदान किया गया। विधायक अधिराज मोहन पाणिग्रही द्वारा संबोधित करते हुए कहा कि, आज जगतगुरु जी के प्रेरणा व आशीर्वाद से गिरौदपुरी में स्थापित जैतखाम की भांति उनके प्रतीकात्मक बड़ा जैतखाम का निर्माण कार्य किया गया है। मैं सदैव सतनामी समाज के साथ सुख दुख में साथ रहने का विश्वास दिलाता हूँ । नगरपालिका अध्यक्ष उज्जवल गुप्ता ने संबोधित करते कहा कि गुरु घासीदास बाबा के आदर्शों पर चलकर ही मनुष्य का सर्वांगीण विकास संभव है। इस अवसर पर सभापति व कुलपति छेत्रमोहन पुरैना, अध्यक्ष धरम सिंह सोनवानी, उपाध्यक्ष चंदन बघेल कोषाध्यक्ष हेमंत मनहरे,सन्त गणेशराम पहरे,बकाननद महिलाने, हिरामन बघेल, भण्डारी मिनकेतन दिरहि,लोकेशकुमार घृतलहरे सहित राज्य भर से आये सैकड़ों सामाजिक कार्यकर्ता पन्थी चौका पार्टी के कलाकार उपस्थित रहे।

# खंबे में लाइट जला नहीं और पोल गिरना चालू

**पिथौरा (समय दर्शन)।** पिथौरा मे शासन के पैसे के दुरुपयोग का मामला सामने आया है । डी एम एब मद से अंजलि विद्यालय से लाखागढ़ तक विगत चार माह पहले लगाए गए विद्युत पोल अब तक चालू तो नहीं हुआ लेकिन पोल जगह-जगह गिरने लगे है।



मिली जानकारी के अनुसार शासन के पैसों का इस प्रकार से सरासर दुरुपयोग को देख पाना पिथौरा विकासखणड मे नई बात नही है ।

कई बार शिकायत के बाद भी सुनवाई नहीं होती।

ठेकेदार और बिजली विभाग के बीच उलझे मामले से आम जनता को इसका फायदा मिलते नहीं दिख रहा है। जन्ता जुड़ी इस प्रकार के मामले को जल्दी सुलझा लेना चाहिए, क्योंकि यह आम जनता का सवाल है लाखागढ़ के सड़क किनारे किनारे यह पोल लगी हुई है पर अभी तक के उस पर बिजली चालू ही नहीं हुआ है और खंभा गिरने लगा है।

खंबे के मजबूती को लेकर सवाल उठता है कि खंभा गिर क्यों रहा है इस प्रकार के लापरवाही और शासन के पैसे का दुरुपयोग उजागर हो रहा है। अधिकारी कर्मचारियों के सुस्त रवैये से शासन की पहल का फायदा आम जनता को सही रूप से नहीं मिल पा रहा है।

# टुण्ड्रा मे आयोजित तीन दिवसीय गुरू घासीदास जयन्ती समारोह मे शामिल हुए राजमहंत पी. एल. कोसरिया

- राजमहंतों एवं समाज प्रमुखों की अगुवाई में भव्य तीन दिवसीय गुरू पर्व का आगाज

**बसना (समय दर्शन)।** बसना सरायपाली फुलझर अंचल मे फायनेंस के क्षेत्र मे सेवा देने वाले सत्यम एसोसिएट के संचालक बी पी बंजारे के नेतृत्व में उनके गृह ग्राम टुण्डरा में आदर्श नव युवा सतनाम समिति टिकरापारा द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष 2024 मे तीन दिवसीय गुरुघासीदास जयंती 24 से 26 दिसम्बर तक पंथी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विजेता को 15000 एवं प्रशस्ति पत्र ज्ञान गंगा पंथी पार्टी करही जिला सक्ती को दिया गया। दूसरा इनाम 10,000 एवं प्रशस्तिपत्र मया के दुलार पंथी पार्टी बसना जिला महासमुंद एवं तृतीय ईनाम 5000 एवं प्रशस्ति पत्र सत के उजागर पंथी पार्टी बिलारी (कोंहका) जिला जांजगीर चाम्पा ने प्राप्त किया। शेष सभी दलों को सान्तवना राशि से सम्मानित किया गया।



कार्यक्रम में प्रमुख अतिथि के रूप में राजमहंत पी एल कोसरिया एवं प्रगतिशील छ ग सतनामी समाज के प्रदेश संरक्षक एवं राजमहंतों एवं प्रदेश प्रबंधकारिणी टीम शामिल हुए । कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राजमहंत पी एल कोसरिया ने विश्व वंदनीय ,प्रातः स्मरणीय बाबा गुरू घासीदास जी की जयन्ती के उपलक्ष्य में सभी संत समाज को गुरू पर्व की बधाई देते हुए गुरू घासीदास बाबा जी के सात संदेश व बयालीस अमृत वाणी का सार बाते सुनाकर प्रेरित किया । इस दौरान विनोद भारती ने समाज को संगठित बनाये रखने युवा पीढ़ी,महिलाओं व समाज के अधिकारी कर्मचारी के साथ ही सेवानिवृत्त कर्मचारियों को समाज सेवा के क्षेत्र में आकर समाज की सेवा करने अपील किया।

इस कार्यक्रम मे प्रमुख रूप से राजमहंत पी एल कोसरिया, विनोद भारती प्रदेश संयोजक,बी पी बंजारे कार्यक्रम आयोजक समिति प्रमुख, राजमहंत सी आर टंडन, राजमहंत पी एल कोसरिया केनाल डिप्टी कलेक्टर महासमुंद, छतराम साहू मंडल अध्यक्ष, महंत मोहरसाय अजय, नकुल प्रसाद बांधे अध्यक्ष प्रगतिशील छ ग सतनामी समाज कसडोल, रामदास जांगडे प्रदेश प्रतिनिधि, श्याम जी टांडे प्रदेश कोषाध्यक्ष, डॉ. पीएल टंडन, कृष्ण कुमार मिरी पटवारी, नगर अध्यक्ष मोती साहू, सतीश साहू पूर्व विधायक प्रतिनिधि, रोशनराय उप सरपंच, संजय जांगडे कृषि अधिकारी, दामोदर साहू आयोजन समिति से अध्यक्ष राजमहंत पुलस्त्य घृतलहरे, उपाध्यक्ष रविशंकर बंजारे पार्षद, रैतु राम भारद्वाज, रामकुमार रात्रे, हेमलाल बारले, राधे भारद्वाज, युधिष्ठिर बंजारे, लच्छी बंजारे, घनश्याम बारले, गोविंद बंजारे, कन्हैया बारले, पवन बारले, धनेश्वर कोसले, चौतू राम रात्रे, रामकुमार बारले, झाड़ राम बारले, छतराम भारद्वाज, मनोज बजारे, बीजू जांगड़े, गुलशन बारले, गोरेलाल खूंटे, मनहरण बघेल, रमेश भारद्वाज, केवल बंजारे, जोईधा भास्कर, युधिष्ठिर (बल्लू) बंजारे, कौशल बंजारे, काशीराम मनहर, रामदयाल रात्रे, गजेंद्र खुंटे, अशोक बघेल, सेवेन्द्र खुंटे, खुद शिवगोपाल बारले भुवन रात्रे, भानु प्रताप घृतलहरे चंद्रेश बंजारे, अजय राघव आदि युवा पीढी के लोग भारी संख्या में शामिल रहे। शुभारंभ के दिन नगर भ्रमण के लिए शोभायात्र भी निकाली गई। सत्संग,गुरू वाणी,सतनाम ग्रंथ,चौका मंगल, पंथी नृत्य गान का प्रतियोगिता सहित विविध कार्यक्रम आयोजित हुए।

# सिरको क्रिकेट टूर्नामेंट: जमडी ने फाइनल में दर्ज की शानदार जीत



**बसना (समय दर्शन)।** सिरको क्रिकेट टूर्नामेंट: जमडी ने 67 रनों से फाइनल जीता 21 से 26 दिसंबर तक सिरको में आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट में 32 टीमों ने भाग लिया। सेमीफाइनल में चिट प्रक्रिया से 4 टीमों का चयन हुआ।

**पहला सेमीफाइनल:**
केसरीपुर और जमडी के बीच खेला गया। जमडी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए केसरीपुर को हराकर फाइनल में प्रवेश किया।

दूसरा सेमीफाइनल:
सिरको और सपोष के बीच मुकाबला हुआ। सपोष ने सिरको को हराकर फाइनल में जगह बनाई।

**फाइनल मुकाबला:**
फाइनल में सपोष ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया। जमडी ने 6 ओवर में 152 रनों का लक्ष्य रखा। ग्रीन ग्राम सपोस की टीम लक्ष्य का पीछा करते हुए केवल 86 रन बना सकी, जिससे जमडी ने 67 रनों से जीत दर्ज की।

**पुरस्कार वितरण:**
प्रथम पुरस्कार: ?15,000 (न्यू मॉडल पब्लिक हाई सेकेंडरी स्कूल, भंवरपुर)
द्वितीय पुरस्कार: ?7,000 (लक्ष्मी नारायण इलेक्ट्रॉनिक, बसना)
तृतीय पुरस्कार: ?4,000 (ज. प. सदस्य पिथौरा, सोहन पटेल)
चतुर्थ पुरस्कार: ?3,000 (विश्वनाथ नेताम, सिरको)
इस टूर्नामेंट ने क्षेत्र में खेल भावना और प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा दिया।
कार्यक्रम में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिकों के साथ ही सैकड़ों खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

# छत्तीसगढ़ महिला आयोग की टीम पहुँची ग्राम पचरी

**पिथौरा (समय दर्शन)।** छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग रायपुर में विगत दिनों महासमुंद जिला के ग्राम पचरी के निवासी आवेदिका चित्रकुमारी बंजारे के द्वारा शिकायत दी गई थी कि गांव के अनावेदक क्रमशः पचरी सरपंच हेमलता डड़सेना, सरपंच पति पुरुषोत्तम डड़सेना उर्फपवन डड़सेना जो पटेवा के शासकीय प्राथमिक स्कूल में शासकीय शिक्षक है के द्वारा मानसिक प्रताड़ना एवंम ग्राम लामी के सरपंच बिलाल लोधी के द्वारा आवेदिका के पुश्तैनी जमीन को कब्जा किया गया है, जिसमे वर्षो से आवेदिका द्वारा काश्तकारी कर परिवार का भरण पोषण करते आ रहे है जिसमे 40 से 50 बड़े बड़े पेड़ थे। अनावेदक लामी सरपंच बिलाल लोधी के द्वारा आवेदिका के





पुश्तैनी जमीन को कब्जाकर फेंसिंग तार से आम रास्ता को बंद करने तथा घेरा करने के साथ ही आवेदिका के जमीन में 40 - 50 पेड़ को जेसीबी से काट कर ले जाने की शिकायत प्राप्त हुई थी। और ग्राम पचरी सरपंच पति के द्वारा आवेदिका को 15 हजार रुपये मांग कर इस समस्या का निराकरण करने हेतु रुपये लिए गए थे जिसमें से आवेदिका द्वारा 13800 रुपये नगद दिया गया था, लेकिन सरपंच पति के द्वारा रुपये लेने के बाद भी समस्या का निराकरण नही किया गया ,, बल्कि आवेदिका को अनेक रूप से मानसिक प्रताड़ित करते रहे है। आवेदिका के द्वारा इसकी लिखित सूचना जब पटेवा थाने में दी गई तो तत्कालीन थाना प्रभारी के द्वारा कोई कार्यवाही नही की गई, तथा ठीक उसी बीच थाना प्रभारी का स्थानांतरण महासमुंद हो गया।

इस प्रकरण में वर्तमान थाना प्रभारी पटेवा के द्वारा भी कोई कार्यवाही नही की गई है। इस प्रकरण के मौका जांज एवं निराकरण के लिए छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग के सदस्य श्रीमती सरला कोसरिया एवं श्रीमती लक्ष्मी वर्मा को नियुक्त किया गया था। इस संबंध में आज छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग के सदस्य श्रीमती सरला कोसरिया एवं श्रीमती लक्ष्मी वर्मा और उनकी टीम के द्वारा उक्त प्रकरण के संबंध में घटना स्थल का निरीक्षण किया गया। जिसमे से प्राप्त शिकायत के आधार पर अनावेदक गणों के द्वारा अवैध रूप से कब्जा करना,आवेदिका के जमीन पर 40-50 पेड़ को काट कर ले जाना ,आम रास्ता को बंद करना जैसे शिकायत को ग्रामीणों के समक्ष एवं थाना प्रभारी पटेवा के समक्ष स्वीकार किया गया है। स्थल निरीक्षण के पश्चात गाँव के ग्राम पंचायत भवन पचरी में ग्राम सभा कर इस प्रकरण के संबंध में दोनों पक्षकारों और आम जनता से पूछताछ और जानकारी ली गई है ग्रामीणों ने बताया कि, सरपंच पति के द्वारा ही पंचायत का सारा काम किया जाता है । सरपंच को कुछ पता ही नही रहता है और सरपंच के हर काम मे सरपंच पति का दखल रहता है। इस प्रकरण की अगली एवं अंतिम सुनवाई कार्यालय छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग में आगामी 16 जनवरी को आवेदिका , अनावेदक गण एवं पटवारी और आर आई को इस जमीन से संबंधित 50 वर्ष तक के रिकार्ड अथवा दस्तावेज लेकर उपस्थित होने के लिए निर्देशित किया गया है।

स्वामित्वधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक रोहित खड़तकर द्वारा समय दर्शन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स ग्राम छाटा, पोस्ट देवादा, तहसील पाटन, जिला दुर्ग (छ.ग.) 491111 से मुद्रित कर बी-4, प्रेस काम्प्लेक्स, इंदिरा मार्केट, दुर्ग छ.ग. 491001 से प्रकाशित। संपादक :- रोहित खड़तकर, समाचार संपादक : दामोदर राव, फोन नं.-0788-4051213, मो. 9827104452, रायपुर कार्यालयः-0771-4218364, ईमेल - samay.darshan191@gmail.com पं. क्र. CHHHIN/2011/41517 डाक पंजीयन क्रमांक छ.ग./दुर्ग/61/2021-23